E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

शर्मा हार्डवेयर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

# विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 10 | अंक : 108 | गुवाहाटी | मंगलवार, 14 नवंबर, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 8 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

संदिग्ध गोली के छेद से असम विधायक क्वार्टर में रहने वाले चिंतित पेज 3
500 रुपए में सिलेंडर... किसानों का दो लाख रुपए तक का कर्ज करेंगे माफ पेज 4
मुख्यमंत्री योगी ने जनता दर्शन में सुनीं जन समस्याएं, अधिकारियों को निर्देश पेज 5
सेमीफाइनल में दबाव तो होगा, लेकिन टीम में कोई बदलाव नहीं आएगा : द्रविड़ पेज 7

doorgraph Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

পূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(অসমীয়া দৈনিক)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path, ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

सुप्रभात

*गरीबी विनम्रता की परीक्षा और मित्रता की कसौटी है।*
– **हैजलिट**

## अवध असम एक्सप्रेस में पटाखों से लगी आग, चलती ट्रेन से कूदे यात्री



**बरेली।** बरेली में मंगलवार को अवध असम एक्सप्रेस में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। जिसके बाद मौके पर पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि ट्रेन में कोई यात्री पटाखे लेकर जा रहा था, इसी दौरान किसी ने बीड़ी या सिगरेट पी होगी जिससे पटाखों में आग लग गई। चलती ट्रेन में आग लगने से हड़कंप मच गया। ट्रेन में बैठे यात्रियों ने चलती ट्रेन से कूदकर अपनी जान बचाई, इस दौरान कई यात्रियों को हल्की फुल्की चोट आ गई। लालगढ़ से चलकर डिब्रूगढ़ जाने वाली अवध असम एक्सप्रेस जैसे ही बरेली जंक्शन पहुंचने वाली थी इसी दौरान एस-2 कोच में अचानक आग लग गई। आग लगते ही ट्रेन में भगदड़ मच गई। चलती ट्रेन से ही कई यात्री कूद गए। हालांकि जिस वक्त यात्री ट्रेन से कूदे ट्रेन की स्पीड काफी कम थी क्योंकि ट्रेन बरेली जंक्शन के पास पहुंचने वाली थी। यात्रियों के ट्रेन से कूदने से -शेष पृष्ठ दो पर

## मां कामाख्या का मंदिर-निर्माण महाराष्ट्र में : मुख्यमंत्री

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व शर्मा ने कहा है कि महाराष्ट्र में एक भव्य मां कामाख्या का मंदिर निर्माण कराया जाएगा। मुख्यमंत्री ने आज मीडिया को दिए गए एक साक्षात्कार में कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने उन्हें मुंबई में मां कामाख्या मंदिर बनाने के लिए उपयुक्त भूमि उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया था। उसी दिशा में विचार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे पूरे देश में सांस्कृतिक आदान-प्रदान करना चाहते हैं। जिस प्रकार काशी विश्वनाथ कॉरिडोर बनाया गया है, उसी प्रकार -शेष पृष्ठ दो पर



## अमेरिका का सैन्य विमान क्रैश, चालक दल के सभी सदस्यों की मौत

**बर्लिन:** अमेरिका की यूरोपीय कमान ने रविवार को बताया कि एक प्रशिक्षण अभियान के दौरान पूर्वी भूमध्य सागर के ऊपर एक सैन्य विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से अमेरिकी सेवा के पांच कर्मियों की मौत हो गई। विमान शुक्रवार शाम को दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। सेना ने सबसे पहले शनिवार को विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की घोषणा की थी और कहा था कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। हालांकि, इस घटना में किसी -शेष पृष्ठ दो पर

## मैतेई समुदाय के नौ संगठन प्रतिबंधित : गृहमंत्रालय

**नई दिल्ली।** मणिपुर में जारी हिंसा के बीच केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बड़ा फैसला लिया है। गृह मंत्रालय ने मैतेई समुदाय के 9 संगठनों को चरमपंथी संगठन घोषित किया है। साथ ही संगठनों पर कुछ सालों के लिए प्रतिबंध लगा दिया गया है। गृह मंत्रालय ने आज पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) और इसकी राजनीतिक शाखा, रिवोल्यूशनरी पीपुल्स फ्रंट (आरपीएफ), यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ) और इसकी सशस्त्र शाखा मणिपुर पीपुल्स आर्मी (एमपीए) को चरमपंथी संगठन घोषित किया है। इन संगठनों पर पांच साल के लिए प्रतिबंध लगाया गया है।



किन-किन संगठनों पर लगा प्रतिबंध?

पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए), रिवोल्यूशनरी पीपुल्स फ्रंट (आरपीएफ), यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ), मणिपुर -शेष पृष्ठ दो पर

## न्यूज गैलरी

### मिजोरम : म्यांमार के लड़ाकू विमानों ने की बमबारी

**एजल ( हि.स. )।** मिजोरम की सीमा पर तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। मिजोरम सीमा के पास म्यांमार सेना और चिनलैंड डिफेंस फोर्स (सीडीएफ) के बीच गोलीबारी के बाद भारत-म्यांमार सीमा पर कल से तनाव बढ़ गया है। सीडीएफ ने कथित तौर पर म्यांमार के रिहखावदार गांव में म्यांमार सेना के शिविर पर कब्जा कर लिया है, -शेष पृष्ठ दो पर

### मंत्री इंद्रा रेड्डी के 15 ठिकानों पर आईटी का छापा

**हैदराबाद/नई दिल्ली ( हि.स. )।** आयकर विभाग ने सोमवार को हैदराबाद में 15 ठिकानों पर छापेमारी की है। आयकर विभाग की टीम हैदराबाद में अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी की कार्रवाई कर रही है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आयकर विभाग ने तेलंगाना की मंत्री सबिता इंद्रा रेड्डी के रिश्तेदारों के यहां छापा मारा है। आयकर अधिकारियों की टीम ने गाचीबोवली -शेष पृष्ठ दो पर

### रूस की सीरिया के इदलिब में एयर स्ट्राइक

**दमिश्क ( हि.स. ) ।** रूस के सुरक्षाबलों ने सीरिया के इदलिब गवर्नरेट में एयर स्ट्राइक की है। इस हमले में 34 लड़ाकों के मारे जाने और 60 से ज्यादा के घायल होने की सूचना है। मीडिया रिपोर्ट्स में रूस के रियर एडमिरल वादिम कुलित के हवाले से यह जानकारी दी गई है। रूस के रियर एडमिरल वादिम कुलित ने कहा है कि रूसी एयरोस्पेस फोर्सेस ने इदलिब प्रांत में सीरिया के सैनिकों के साथ गोलाबारी में शामिल अवैध -शेष पृष्ठ दो पर

## पटाखों को लेकर 581 मामले दर्ज

**चेन्नई।** बीते रविवार जहां देश भर में दिवाली की धूम और पटाखों की गूंज सुनाई दे रही थी, वहीं चेन्नई में पुलिस ने सतर्कता से काम करते हुए कई शिकायतें दर्ज की।



दरअसल, एक प्रेस रिलीज जारी करते हुए इस बात की जानकारी दी है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा पटाखों को लेकर जारी निर्देश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। जारी किए गए प्रेस रिलीज के मुताबिक, दिवाली के दिन इस साल चेन्नई में कुल 581 केस दर्ज किए गए हैं। प्रेस रिलीज में लिखा है कि चेन्नई में अब तक कुल 581 मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्दिष्ट समय के बाद पटाखे -शेष पृष्ठ दो पर

## जज के खिलाफ की गई टिप्पणियों को एससी ने हटाया

**नई दिल्ली।** बेहद असामान्य मामले में गुवाहाटी हाई कोर्ट के एक वर्तमान जज ने अपने विरुद्ध की गई अपमानजनक टिप्पणियों को हटवाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी, जिसपर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी को हटा दिया है। दरअसल, हाई कोर्ट की पीठ ने उनके विरुद्ध ये टिप्पणियां आतंकवाद से जुड़े उस मामले में की थीं, जिसमें उन्होंने एनआईए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश के तौर पर फैसला सुनाया था। न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना और पीएस नरसिम्हा की पीठ ने स्पष्ट तौर पर यह कह दिया है कि उच्च न्यायालय के बाकी फैसले लागू रहेंगे। पीठ ने कहा कि हमारी राय है कि पैराग्राफ 130, 190,191, 192, 193,194 और 233 और आदेश के किसी भी अन्य प्रासंगिक हिस्से में याचिकाकर्ता के खिलाफ प्रतिकूल टिप्पणियों को रद्द माना जाएगा और किसी भी तरह से याचिकाकर्ता के खिलाफ नहीं माना जाएगा। पीठ ने कहा कि उक्त टिप्पणियों के आधार पर आदेश को हटा दिया गया है। यदि बाद में इस तरह के मामले सामने आते हैं तो, इसकी योग्यता के आधार पर विचार किया जाएगा। शीर्ष अदालत ने पहले राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को नोटिस जारी किया था और मामले को याचिकाकर्ता की पहचान का खुलासा किए बिना सूचीबद्ध करने की अनुमति दी थी। अपनी याचिका में, न्यायाधीश ने 11 अगस्त के उच्च न्यायालय के फैसले में उनके खिलाफ की गई कुछ अपमानजनक -शेष पृष्ठ दो पर



## छठी मंजिल से कूदकर एमबीबीएस छात्रा ने की आत्महत्या

**मंगलुरु।** दिवाली के दूसरे दिन ही एक परिवार में मातम पसर गया। दरअसल, मंगलुरु के एक निजी मेडिकल कॉलेज के 20 वर्षीय एमबीबीएस छात्रा ने सोमवार को आत्महत्या कर ली। शहर के पुलिस आयुक्त अनुपम अग्रवाल ने मीडिया को बताया कि मृतक की पहचान प्रकृति शेट्टी (20) के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि छात्रा ने सुबह करीब तीन बजे छात्रावास भवन की छठी मंजिल से कूदकर अपनी जान दे दी। मिली -शेष पृष्ठ दो पर

## पुलिस की कमांडो टीमों और माओवादियों के बीच मुठभेड़, खून के छींटे भी मिले

**तिरुवनंतपुरम।** केरल पुलिस की विशेष टीमों की सोमवार को एक वन क्षेत्र में माओवादियों के साथ भीषण मुठभेड़ हो गई। पुलिस के मुताबिक, गोलीबारी करिक्कोट्टाकारी पुलिस थाने की सीमा के तहत उरुप्पुमकुट्टी जंगल में हुई। हालांकि, शीर्ष पुलिस अधिकारियों ने थंडरबोल्ट और स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप कमांडो के ऑपरेशन की जानकारी देने से इनकार कर दिया। इस बीच स्थानीय पुलिस सूत्रों ने बताया कि माओवादियों ने गोलीबारी शुरू की, जिससे जंगल में तलाशी अभियान के दौरान कमांडो को जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी। गोलीबारी के बाद पुलिस ने इलाके में तलाशी ली, जिसमें तीन बंदूकें बरामद हुईं और खून के धब्बे मिले। इससे अंदेशा लगाया जा रहा है कि कुछ माओवादी घायल हुए हैं। -शेष पृष्ठ दो पर




## *दीपावली पर वोकल फॉर लोकल की धूम, हुआ 3.75 लाख करोड़ रुपए का रिकॉर्ड कारोबार*

**नई दिल्ली।** दीपावली के त्योहारी सीजन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील, वोकल फॉर लोकल का असरदार जादू देखने को मिला है। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल का कहना है कि दीपावली पर देशभर में 3.75 लाख करोड़ रुपए का रिकॉर्ड कारोबार हुआ है। दूसरी तरफ चीन को करीब एक लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का नुकसान संभावित है। इसकी वजह, लोगों ने अपने त्योहारों को सेलिब्रेट करने के लिए चीन में बनी वस्तुएं खरीदने से गुरेज किया है। भारतीय बाजारों में वोकल फॉर लोकल की मुहिम सफल होती हुई नजर आई। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल के मुताबिक, दीवाली पर *भारतीय उत्पाद-सबका उस्ताद* अभियान की जबरदस्त धूम मची रही। खरीदारी के वक्त लोगों का झुकाव वोकल फॉर लोकल पर रहा। इस वर्ष के दिवाली सीजन में देशभर के बाजारों में 3.75 लाख करोड़ रुपए से अधिक का रिकॉर्ड तोड़ व्यापार हुआ है। सभी त्योहारों पर ग्राहकों द्वारा जमकर भारतीय वस्तुओं की खरीदारी की गई। -शेष पृष्ठ दो पर



## सुरंग में फंसे 40 मजदूर सुरक्षित, बचावकर्मियों ने पहुंचाया भोजन-पानी

**उत्तरकाशी।** सिलक्यारा-डंडालगांव सुरंग के एक हिस्से के ढहने से उसके अंदर पिछले 24 घंटे से ज्यादा समय से फंसे 40 श्रमिकों तक पहुंच बनाने के लिए बचावकर्मी रातभर मलबा हटाने के काम में जुटे रहे और आखिरकार उन्हें उनसे संपर्क स्थापित करने में सफलता मिल गई। ब्रह्मखाल-यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर निर्माणाधीन सुरंग में फंसे इन श्रमिकों तक अब भोजन-पानी पहुंचाया जा रहा है। सिलक्यारा में बनाए गए पुलिस नियंत्रण कक्ष से मिली जानकारी के अनुसार, वॉकी-टॉकी के जरिए सुरंग में फंसे लोगों से संपर्क हुआ और सभी श्रमिक सुरक्षित हैं। नियंत्रण कक्ष के अनुसार, अंदर फंसे लोगों द्वारा खाने की मांग की गई है और उन्हें पाइप के जरिए भोजन के पैकेट भेजे जा रहे हैं। श्रमिक फिलहाल 60 मीटर की दूरी पर हैं। सुरंग में पानी के लिए बिछाई गई पाइपलाइन के जरिए ऑक्सीजन की आपूर्ति की जा रही है। इसी पाइपलाइन के जरिए कंप्रेसर की मदद से दबाव बनाकर श्रमिकों तक भोजन के पैकेट भेजे जा रहे हैं। यह पाइपलाइन राहत और बचाव अभियान में काफी मददगार साबित हो रही है। इसी पाइपलाइन के जरिए मजदूरों से संपर्क स्थापित किया जा रहा है। सुरंग में फंसे मजदूरों तक संदेश भेजने के लिए पहले कागज पर संदेश लिखी पर्ची पाइपलाइन के जरिए भेजी गई थी। अब दुर्घटनास्थल पर पाइप के जरिये संदेशों का आदान-प्रदान हो रहा है। उत्तरकाशी -शेष पृष्ठ दो पर



## हैदराबाद : अपार्टमेंट में आग लगने से नौ की मौत

**हैदराबाद।** हैदराबाद के नामपल्ली इलाके में सोमवार को पांच मंजिला आवासीय इमारत में लगी भीषण आग में कथित तौर पर दम घुटने से चार महिलाओं समेत नौ लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि आग परिसर के भूतल में लगी, जहां रसायनों से भरे कुछ ड्रम रखे थे। उसने बताया कि बाद में आग पहली और दूसरी मंजिल तक फैल गई। पुलिस ने बताया कि सुबह करीब नौ बजकर 35 मिनट पर उन्हें घटना के संबंध में फोन आया। तेलंगाना की राज्यपाल तमिलिसाई -शेष पृष्ठ दो पर



**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# विश्व भर में दीपावली की धूम



**वाशिंगटन/लंदन ( हि.स. )।** दीपों के पर्व दीपावली की रविवार को देश और दुनिया भर में में धूम रही। दीपावली त्योहार का जश्न पूरी दुनिया में लोग मना रहे हैं। इसी क्रम में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने अमेरिका और दुनिया भर के लोगों को पर्व की बधाई व शुभकामनाएं दी है। वहीं भारतीय मूल के गुगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने भी दीपोत्सव की शुभकामनाएं दी। बाइडन ने कहा कि कई पीढ़ियों से दक्षिण एशियाई अमेरिकियों ने दीवाली की परंपराओं को हमारे राष्ट्र के ताने-बाने में बुना है, जो अज्ञानता, घृणा और विभाजन के अंधकार पर ज्ञान, प्रेम और एकता के प्रकाश का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि यह संदेश अमेरिका को पिछले कुछ सालों के दौरान मजबूत होकर उभरने में मदद की है। बाइडन ने एक्स पर अपने संदेश में कहा, अमेरिका और दुनिया भर में जश्न मना रहे एक अरब से अधिक हिंदुओं, जैनियों, सिखों और बौद्धों को, हम आपको दिवाली की शुभकामनाएं देते हैं। वहीं गुगल के सीईओ व भारतीय मूल के सुंदर पिचाई ने भी प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं दी। पूरे विश्व में लोगों के द्वारा सर्च की जा रही दिवाली परंपराओं के बारे में टॉप ट्रेंडिंग व्हाई (क्यों) सवाल साझा किए। सुंदर पिचाई ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया, दिवाली मनाने वाले सभी लोगों को शुभकामनाएं! हम खोज पर दिवाली परंपराओं के बारे में बहुत रुचि देख रहे हैं, यहां दुनिया भर में शीर्ष ट्रेंडिंग *क्यों* वाले कुछ सवाल दिए गए हैं। सुंदर पिचाई ने अपने पोस्ट में एक जीआईएफ (जिफ) साझा किया जिसमें एक दीपक दिखाया गया है जिसके चारों ओर पांच नंबर अंकित हैं जो दिवाली के अवसर पर विश्व स्तर पर खोज रहे लोगों के शीर्ष पांच सवालों का प्रतिनिधित्व करते हैं। दुनियाभर में लोगों द्वारा सर्च किया गया टॉप सवाल था भारतीय दिवाली क्यों मनाते हैं।

# भाजपा सरकार बनने पर छत्तीसगढ़ विकास की नई ऊंचाई पर पहुंचेगा : मोदी

**महासमुंद/रायपुर ( हि.स. )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के महासमुंद में विजय संकल्प महारैली में कहा कि भाजपा ने लाखों परिवारों को आवास देने का संकल्प लिया है। उन्होंने राज्य में भाजपा सरकार बनने का दावा किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार यहां से जाएगी और छत्तीसगढ़ का विकास करने वाली भाजपा की सरकार यहां आएगी। भाजपा सरकार बनने पर छत्तीसगढ़ विकास की उस ऊंचाई पर पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि जनता ने कांग्रेस की हार पक्की कर दी है। भूपेश बघेल का तो विधायक बनना भी मुश्किल है। उन्होंने कहा कि हमने छत्तीसगढ़ में 10 लाख आवास बनाए, जब कांग्रेस की सरकार आई तो देखा मोदी के काम में कमीशन है ही नहीं। जिसके बाद उन्होंने इसमें रुकावट शुरू कर दिया। प्रदेश में सरकार बनने के बाद तेजी से गरीबों के घर बनने का काम शुरू हो जाएगा। यहां के 18 लाख गरीबों को आवास देने का काम हमने पक्का कर लिया है। केंद्र में जब कांग्रेस की सरकार थी तब सड़क बनाने के लिए जितना पैसा मिला था, उससे 20 गुना हमने केंद्र में सरकार बनने पर दिया है। पीएम ने कहा कि ये वही कांग्रेस है




जिसने 50 साल पहले गरीबी हटाने का नारा दिया था। पंचायत से पार्लियामेंट तक कांग्रेस की सरकार रही लेकिन गरीबी नहीं हटाई। भाजपा सरकार में 13.5 करोड़ लोग गरीबी रेखा के बाहर आए।

# कांग्रेस मतलब - तीन तिगाड़ा काम बिगाड़ा : अमित शाह



**राघौगढ़ ( हि.स. )।** गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को राघौगढ़ में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस का मतलब तीन तिगाड़ा काम बिगाड़ा। करप्शननाथ- कमलनाथ, बंटाढार दिग्विजय सिंह और सोनिया गांधी। तीनों अपने-अपने बेटों को स्थापित करना चाहते हैं तो क्या ये देश और प्रदेश की जनता की भलाई के लिए कुछ कर पाएंगे। अमित शाह ने कहा कि आदेश दिल्ली से आता है और निर्देश कमलनाथ देते हैं। गलती होने के बाद दिग्विजय के माथे सारा ठिकरा फोड़ा दिया जाता है। जब कांग्रेस कपड़ा फाड़ने में लगी हो तो उसे दूसरों की भलाई नहीं कर सकती है। शाह ने अशोकनगर के चंदेरी विधानसभा में भी पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित किया। केंद्रीय गृह शाह ने कहा कि भाजपा की सरकार वापस आने पर किसानों को 12 हजार रुपए की सम्मान निधि मिलेगी। स्वास्थ्य बीमा की राशि पांच लाख से बड़ा कर 10 लाख रुपए तक की जाएगी। मध्य प्रदेश को पहले बीमारू राज्य के नाम से जाना जाता था, लेकिन पिछले 18 साल के शासन में भाजपा की सरकार ने इसे विकसित राज्य की श्रेणी में लाकर खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासन में मध्यप्रदेश को सिर्फ मनमोहन सिंह की सरकार में दो लाख करोड़ रुपया मिलता था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार प्रदेश को विकास के लिए 15 लाख करोड़ रुपया देती है।

# गाजा में अल शिफा और अल कुद्स अस्पताल के आसपास घमासान




**तेल अवीव/यरुशलम ( हि.स. )।** गाजा में छिड़े युद्ध के 38वें दिन सोमवार सुबह भी घमासान मचा हुआ है। इजराइल के सुरक्षाबलों ने फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास के गढ़ों को ध्वस्त करते हुए उत्तरी गाजा के दो प्रमुख अस्पतालों अल शिफा और अल कुद्स के आसपास शिकंजा कस दिया है। इन अस्पतालों में हमास के आतंकवादी छुपे हुए हैं। साथ ही इनके नीचे हमास की अभेद्य समझी जाने वाली सुरंगें हैं। इनमें हमास ने हथियार और गोला बारूद का भंडारण किया है। इन अस्पतालों के आसपास इजराइल के सुरक्षाबलों से हमास के आतंकवादियों की रुक-रुक कर लड़ाई चल रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इजराइल सुरक्षाबलों ने हमास की कमर तोड़ने के लिए जोरदार बमबारी की है। इसके बाद अल शिफा और अल कुद्स अस्पताल रविवार को नए मरीजों के लिए बंद कर दिए गए। यहां के कर्मचारियों ने कहा कि ईंधन और दवाओं की कमी की वजह से ऐसा किया गया है। चिकित्सा कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि अस्पतालों को इजराइली सुरक्षा बलों ने अवरुद्ध कर दिया है। इस बीच हमास ने कहा है कि अल शिफा अस्पताल पर इजराइल का नियंत्रण हो गया है। इसलिए वह बंधक बनाए गए लोगों की अदला-बदली के लिए अब बातचीत नहीं करेगा। एक अन्य रिपोर्ट में कहा गया है कि अल-शिफा अस्पताल और अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं में शरण लेने वाले रोगी और अन्य लोग भयभीत हैं। चिकित्सा सहायता समूह डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स ने चेतावनी दी है कि युद्धविराम या निकासी के बिना अस्पताल मुर्दाघर बन जाएगा। बमबारी से आश्रय स्थल के रूप में काम करने वाली अन्य इमारतें भी प्रभावित हुई हैं। इनमें गाजा शहर में संयुक्त राष्ट्र परिसर भी है। तुर्किये के राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोगन ने गाजा में इजराइल के आक्रमण को रोकने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका पर दबाव डालने का आह्वान किया है। मगर उसने कहा कि जब तक वाशिंगटन इस क्षेत्र को फिलिस्तीनी भूमि के रूप में स्वीकार नहीं करता तब तक कोई समझौता नहीं होगा। एक मीडिया रिपोर्ट में इजराइल ने दावा किया है कि उसके सैनिकों ने अल शिफा अस्पताल में 300 लीटर ईंधन पहुंचाने के लिए अपनी जान तक जोखिम में डाली, लेकिन वहां मौजूद हमास के आतंकवादियों ने अस्पताल को इसे लेने से मना कर दिया। इजराइल ने कहा है कि हमास संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय हफ्तों से चेतावनी दे रहा है कि उसके अस्पतालों में ईंधन खत्म हो रहा है। अगर यह सच है तो अस्पताल को ईंधन लेने से क्यों रोका जा रहा है।

अपोलो हॉस्पिटल्स चेन्नई
चेन्नई
Apollo HOSPITALS
मूत्ररोग विशेषज्ञ ( यूरोलॉजिस्ट )
डॉ. एन राघवन, MS(Gen Surg), FRCSEd, (Surg in General), MD (Uro-Oncology) FRCS (Uncology)
गुवाहाटी में केवल परामर्श के लिए उपलब्ध होंगे
22 नवंबर, 2023 को
जो मरीज जब खांसी होती है और सर्दी होती तब पेशाब चूने से,पेशाब में कठिनाई, पेशाब में रक्त आने से पेशाब के बढ़ने या कमने से किडनी / पेशाब में पत्थरी, यूरिजरी ट्रैक में पत्थरी से, ब्लैडर कठिनाइयों से, प्रोस्टेट कैंसर, प्रोस्टेट इनलार्जमेंट, पेनाइल कैंसर टेस्टीकुलर कैंसर, किडनी में कैंसर और सेक्स संबंधी समस्याओं से परेशान हैं, वे अपना-अपना नाम रजिस्टर करा सकते हैं।
APOLLO HOSPITAL INFORMATION CENTER
Bora Commercial Complex, Housing Bus Stop,
Bashisthapur By Lane No-4 Beltola, Survey Guwahati
Contact : 03612223663/9678769107/8134095156

अपोलो हॉस्पिटल्स चेन्नई
चेन्नई
Apollo HOSPITALS
ऑब्स्ट्रेट्रिसियन एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ ( गायनोकोलोजिस्ट )
डा. मीरा राघवन, MD (O&G), DNB (O&G), MNAMS, MRCOG (UK)
गुवाहाटी में केवल परामर्श के लिए उपलब्ध होंगे
22 नवंबर, 2023 को
जो मरीज पेशाब संबंधी रोगों, पेशाब की निरंतरता, जब खांसी होती है, या सर्दी होती है तो पेशाब के टपकने से, यूटेरिन प्रोलैप्से (स्लिपपेज ऑफ यूटर्स), असामान्य रक्तस्राव (ब्लीडिंग), गर्भाशय (यूटर्स एवं ओवरी) में घावों (ट्यूमर्स), गर्भधारण में कठिनाइयां, बार-बार गर्भ गिर जाने से परेशान हैं, वे अपना-अपना नाम रजिस्टर करा सकते हैं।
APOLLO HOSPITAL INFORMATION CENTER
Bora Commercial Complex, Housing Bus Stop,
Bashisthapur By Lane No-4 Beltola, Survey Guwahati
Contact : 03612223663/9678769107/8134095156

Apollo Cancer Centres
अपोलो हॉस्पिटल्स चेन्नई
कॉलोरेटकल क्लिनिक
डॉ. वेंकटेश मुनिकृष्णन, MRC(ED), FRCS (Colorectal,) CCT (UK)
गुवाहाटी में केवल परामर्श के लिए उपलब्ध होंगे
25 नवंबर, 2023 को
जो मरीज पाइल्स, कब्ज, क्लोरेक्ट, कैंसर, अनाल लंप, टेक्टल ब्लिडिंग, अनाल दर्द (पेन) और फिस्यूला से परेशान है, वे अपने-अपने नामांकन करा सकते हैं।
APOLLO HOSPITAL INFORMATION CENTER
Bora Commercial Complex, Housing Bus Stop,
Bashisthapur By Lane No-4 Beltola, Survey Guwahati
Contact : 03612223663/9678769107/8134095156

# पृष्ठ एक का शेष

## अवध असम एक्सप्रेस...

उनके हल्की फुल्की चोटें भी आ गई। किसी को भी हॉस्पिटल भर्ती नहीं होना पड़ा। ट्रेन में आग की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग के अफसर फायर ब्रिगेड की गाड़ी के साथ रेलवे स्टेशन पर पहुंच गए। जहां पर अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने तत्काल ही आग पर काबू पा लिया। वहीं मौके पर पहुंचे सीएफओ चंद्र मोहन शर्मा ने बताया कि थोड़ी देर पहले कंट्रोल रूम को सूचना प्राप्त हुई कि जंक्शन पर एक ट्रेन में आग लगी हुई है। गंभीरता को देखते हुए चार गाड़ियों का टर्न आउट लिया गया। यहां पर पहुंचने के बाद देखा कि डिब्रूगढ़ लालगढ़ एक्सप्रेस के एस-2 कोच में सामान में आग लग गई थी। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान पता चला कि कोई यात्री अवैध रूप से पटाखे ले जा रहा था। किसी ने बीडी पी होगी, जिस वजह से आग लग गई। आग को बुझा दिया गया है। इसमें कोई जनहानि नहीं हुई है। इसमें जीआरपी की मदद से बोगी को खाली कराकर निरीक्षण कराया गया कि कोई और तो पटाखे नहीं ले जा रहा है। जीआरपी ने क्लीयर कर दिया तो गाड़ी अपने गंतव्य के लिए रवाना कर दी गई है। जो व्यक्ति पटाखे ले जा रहा था, वह व्यक्ति इमरजेंसी विंडो से अपना सामान लेकर भाग गया है। फिलहाल जीआरपी उसकी तलाश कर रही है।

## मां कामाख्या का ...

असम में भी कामाख्या कॉरिडोर पर काम चल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वीर शिवाजी ने जिस समय महाराष्ट्र में मुगलों के साथ लड़ाई लड़ी थी, उसी समय में असम में लचित बरफूकन ने भी औरंगजेब की सेना को परास्त किया था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सलाह से वे लचित बरफूकन को देशभर में पहुंचाना चाहते हैं। एक प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि असम में उन्होंने अधिकारियों को तबादले करने की खुली छूट दे रखी है, ताकि वे अपने अनुसार अधिकारियों को तैनात कर सकें। उन्होंने कहा कि विभिन्न स्तर पर वे कार्य कर रहे हैं। साक्षात्कार के दौरान मुख्यमंत्री ने अन्य कई सवालों के खुलकर उत्तर दिए।

## अमेरिका का सैन्य ...

शत्रुतापूर्ण गतिविधि की आशंका को खारिज किया गया है। सेना ने कहा कि सैन्य प्रशिक्षण के हिस्से के रूप में हवाई ईंधन भरने के अभियान के दौरान विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे चालक दल के सभी पांच सदस्यों की मौत हो गई। इसने रविवार को कहा कि खोज और बचाव प्रयास के तहत आसपास के अमेरिकी सैन्य विमानों और जहाजों की तत्काल तैनाती की गई।

## मैतेई समुदाय के...

पीपुल्स आर्मी (एमपीए), पीपुल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलेईपाक (पीआरईपीएके), रेड आर्मी, कांगलेईपाक कम्युनिस्ट पार्टी (केसीपी), कांगलेई याओल कनबा लुप (केवाईकेएल), समन्वय समिति (कोरकॉम), एलायंस फॉर सोशलिस्ट यूनिटी कांगलेईपाक (एएसयूके)। अभी कुछ दिनों पहले मणिपुर की सरकार ने मोबाइल इंटरनेट पर प्रतिबंध को बढ़ाने का एलान किया था। राज्य सरकार ने मोबाइल इंटरनेट पर प्रतिबंध को आज यानी 13 नवंबर तक के लिए बढ़ाया है। अधिकारियों ने बताया था कि प्रतिबंध उन चार पहाड़ी जिला मुख्यालयों में लागू नहीं किया जाएगा, जो जातीय संघर्ष से प्रभावित नहीं हैं। सरकार का मानना है कि कुछ असामाजिक तत्व जनता की भावनाओं को भड़काने वाली तस्वीरें, नफरत भरे वीडियो प्रसारित करने के लिए बड़े पैमाने पर इंटरनेट मीडिया का इस्तेमाल कर सकते हैं। वायरल तस्वीरों और वीडियो से कानून व्यवस्था पर गंभीर असर हो सकता है। सितंबर में कुछ दिनों को छोड़कर मणिपुर में तीन मई से जातीय हिंसा शुरू होने के बाद से मोबाइल इंटरनेट पर प्रतिबंध लगा हुआ है।

## पटाखों को लेकर ...

फोड़ने से संबंधित 554 मामले शामिल हैं। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के मुताबिक, तमिलनाडु सरकार की याचिका पर, दीपावली के अवसर पर केवल 2 घंटे, जिसमें सुबह 6 बजे से 7 बजे तक और शाम को 7 बजे से 8 बजे तक पटाखे फोड़ने की अनुमति दी गई थी। इन आदेशों को ध्यान में रखते हुए पुलिस आयुक्त, ग्रेटर चेन्नई पुलिस, त्रि.संदीप राय राठौड़, आईपीएस, अतिरिक्त पुलिस आयुक्तों, संयुक्त आयुक्तों और पुलिस उपायुक्तों की सलाह पर, सहायक पुलिस आयुक्तों की देखरेख में, निरीक्षकों के नेतृत्व में पुलिस टीमें पुलिस अपने अधिकार क्षेत्र में गहन निगरानी में लगी हुई थी। प्रेस रिलीज में लिखा है कि इसके अनुसार पुलिस टीम गहन निगरानी में जुट गई और 11.11.2023 से आज (13.11.2023) सुबह तक सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित समय से अधिक समय तक पटाखे फोड़ने से संबंधित 554 मामले, तमिलनाडु सरकार के नियमों का उल्लंघन कर पटाखे की दुकान खोलने से संबंधित 8 मामले और अत्यधिक शोर वाले पटाखे फोड़ने को लेकर 19 मामले यानि कुल 581 मामले दर्ज किए गए हैं।

## जज के खिलाफ की...

टिप्पणियों को हटाने की मांग की। उच्च न्यायालय ने कई लोगों को बरी कर दिया था, जिन्हें पहले ट्रायल कोर्ट द्वारा भारतीय दंड संहिता और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के तहत कथित अपराधों के लिए दोषी ठहराया गया था। न्यायाधीश ने कहा कि 22 मई, 2017 को असम के गुवाहाटी एनआईए के विशेष न्यायाधीश के रूप में अपनी क्षमता में, विशेष एनआईए मामले में फैसला सुनाया था। उस दौरान आरोपी व्यक्तियों को आईपीसी और गैरकानूनी गतिविधियों (रोकथाम) अधिनियम, 1967 और शस्त्र अधिनियम, 1959 के तहत विभिन्न अपराधों के लिए दोषी ठहराया था। न्यायाधीश ने कहा कि उन्होंने 13 दोषी लोगों को अलग-अलग सजाएं सुनाई हैं। इसके बाद, दोषी व्यक्तियों ने दोषसिद्धि आदेश को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और एचसी ने 11 अगस्त को अपना फैसला सुनाया। न्यायाधीश ने आगे कहा कि टिप्पणियों ने अपने सहयोगियों, वकीलों और वादियों के सामने याचिकाकर्ता की प्रतिष्ठा को गहरी चोट पहुंचाई है और उनकी मानसिक रूप से परेशान किया है। ये टिप्पणियां याचिकाकर्ता के करियर पर भी भविष्य में प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती हैं। न्यायाधीश ने कहा कि एक न्यायाधीश की आलोचना और किसी फैसले की आलोचना के बीच मात्र एक पतली रेखा जितना अंतर होता है। यह अक्सर कहा जाता है कि एक न्यायाधीश, जिसने कोई गलती नहीं की है। उन्होंने कहा कि ऐसे जटिल और बड़े मामले में, सबूतों की सराहना करते समय, ट्रायल कोर्ट को कानून और सबूतों की ईमानदार समझ रखनी होगी। उन्होंने कहा कि यह प्रस्तुत किया गया है कि उच्च न्यायालय इस बात को समझने में विफल रहा है कि याचिकाकर्ता ने 9 जनवरी, 2017 को एनआईए न्यायाधीश की भूमिका निभाई थी और उस समय, अभियोजन साक्ष्य की प्रस्तुति, अभियुक्तों की जांच सहित पूरा मुकदमा अपने चरम पर पहुंच गया था। याचिकाकर्ता की भूमिका दलीलों की अध्यक्षता करने तक ही सीमित थी।

## छठी मंजिल से ...

जानकारी के मुताबिक छात्रा के कूदते ही सभी छात्रों की चीख-पुकार से नींद खुल गई और होस्टल में चारों ओर शोर-शराबा होने लगा। इसी बीच प्रबंधन ने बिना देरी किए पुलिस को घटना की जानकारी दी और छात्रा के परिजनों को घटना के बारे में बताया। फिलहाल, पुलिस को उसके हॉस्टल के कमरे से एक नोट मिला है, जिसमें लिखा है कि वह अपनी जिंदगी से निराश थी। आयुक्त ने कहा कि अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज किया गया है और जांच जारी है। छात्रा के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

## पुलिस की कमांडो ...

इलाके के अस्पतालों को पुलिस की निगरानी में रखा गया। घटना पिछले सप्ताह वायनाड के एक वन क्षेत्र में थंडरबोल्ट बल और माओवादियों के बीच गोलीबारी के बाद हुई है। वायनाड के थलप्पुझा पुलिस स्टेशन की सीमा के तहत पेरिया इलाके में मुठभेड़ के बाद दो माओवादियों (एक पुरुष और एक महिला) को गिरफ्तार किया गया। उनकी पहचान चंद्रू और उन्नीमाया के रूप में की गई। पिछले महीने एक अलग घटना में छह सशस्त्र माओवादियों के एक समूह ने वायनाड के मक्कीमाला में एक निजी रिसॉर्ट पर कब्जा कर लिया था। उन्होंने एस्टेट कर्मियों के सामने आने वाली समस्याओं के बारे में मीडिया को बयान देने के लिए प्रबंधक का मोबाइल फोन भी जब्त कर लिया था। पुलिस ने इस घटना के संबंध में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) और शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

## दीपावली पर वोकल ...

अभी गोवर्धन पूजा, भैया दूज, छठ पूजा एवं तुलसी विवाह आदि त्योहार बाकी हैं। इनमें भी लगभग 50 हजार करोड़ रुपए का व्यापार होने की संभावना है। इस बार चीन को दिपावली पर्व पर लगभग एक लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का नुकसान हुआ है। कैट के पदाधिकारियों का कहना है कि पूर्व के वर्षों में दीवाली के त्योहारी सीजन पर चीन से बनी वस्तुओं को भारत में लगभग 70 फीसदी बाजार मिल जाता था। इस बार वह प्रतिशत नीचे आ गया है। देश के व्यापारी वर्ग ने इस बार दीपावली से संबंधित वस्तुओं को चीन से आयात करने का आर्डर नहीं दिया। कैट ने इस दीवाली पर देश भर में भारतीय उत्पाद-सबका उस्ताद अभियान चलाया, जो बेहद सफल रहा है। इस मुहिम को देशभर के ग्राहकों का बड़ा समर्थन मिला है। एक मोटे अनुमान के अनुसार 3.5 लाख करोड़ रुपए के त्योहारी व्यापार में, लगभग 13 फीसदी राशि खाद्य एवं किराना, 9 फीसदी ज्वेलरी पर, 12 फीसदी वस्त्र एवं गारमेंट, 4 फीसदी ड्राई फ्रूट व मिठाई नमकीन, 3 फीसदी घर की साज सज्जा, 6 फीसदी कॉस्मेटिक्स, 8 फीसदी इलेक्ट्रॉनिक्स एवं मोबाइल, 3 फीसदी पूजन सामग्री एवं अन्य वस्तुएं, 3 फीसदी बर्तन तथा रसोई उपकरण, 2 फीसदी कॉन्फेक्शनरी एवं बेकरी, 8 फीसदी गिफ्ट आइटम्स, 4 फीसदी फर्निशिंग एवं फर्नीचर व शेष 20 फीसदी ऑटोमोबाइल, हार्डवेयर, इलेक्ट्रिकल, खिलौने सहित अन्य अनेक वस्तुओं और सेवाओं पर ग्राहकों द्वारा खर्च किए गए।

## सुरंग में फंसे 40 मजदूर ...

जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र ने कहा कि निर्माणाधीन सुरंग में फंसे श्रमिकों को बाहर निकालने के लिए खुदाई करने वाली बड़ी मशीनों की मदद से पानी युक्त मलबा हटाने का कार्य निरंतर जारी है । पुलिस, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, राज्य आपदा प्रतिवादन बल, अग्निशमन, आपातकालीन 108 व सुरंग का निर्माण करा रही संस्था राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (एनएचआईडीसीएल), सीमा सड़क संगठन और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के कर्मचारी मलबा हटाने और सुरंग खोलने के काम में जुटे हुए हैं। राहत और बचाव अभियान लगातार 24 घंटे चलाया जा रहा है। रविवार रात की पाली में काम की निगरानी कर रहे जल संस्थान के प्रभारी अधिशासी अभियंता दिवाकर डंगवाल ने तड़के सुरंग से बाहर आने पर बताया कि मलबा तेजी से हटाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फंसे मजदूरों तक संपर्क स्थापित करने और उन तक भोजन और ऑक्सीजन की आपूर्ति करने की कवायद रात में कई बार की गई। उत्तरकाशी जिले में ब्रह्मखाल-यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर निर्माणाधीन सुरंग का एक हिस्सा रविवार सुबह अचानक ढह गया था जिससे उसमें 40 श्रमिक फंस गए थे। सुरंग का ढहने वाला हिस्सा सुरंग के मुहाने से करीब 200 मीटर दूर है। सुरंग का निर्माण कर रही नवयुग इंजीनियरिंग लिमिटेड के अनुसार सुरंग में फंसे मजदूर बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखंड, ओडिशा, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के हैं। हर मौसम के अनुकूल चार धाम सड़क परियोजना के तहत बन रही इस साढ़े चार किलोमीटर लंबी सुरंग का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद उत्तरकाशी से यमुनोत्री धाम तक का सफर 26 किलोमीटर कम हो जाएगा। देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि घटना की जानकारी मिलने के बाद से वह लगातार अधिकारियों के संपर्क में हैं। धामी ने कहा कि ईश्वर से कामना है कि जल्द ही सभी लोग सकुशल बाहर आ जाएं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी मुख्यमंत्री को फोन करके उनसे घटना के संबंध में जानकारी ली तथा हर संभव मदद का आश्वासन दिया। धामी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के लेप्चा से लौटते ही प्रधानमंत्री ने उन्हें फोन कर सुरंग में फंसे श्रमिकों की स्थिति तथा राहत एवं बचाव कार्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी को श्रमिकों को सकुशल बाहर निकालने के लिए जारी बचाव कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और उन्हें वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया। धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने इस दुर्घटना से निपटने के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा केंद्रीय एजेंसियों को राहत एवं बचाव कार्यों में सहयोग करने के लिए निर्देशित कर दिया गया है।

## हैदराबाद : अपार्टमेंट में ...

सौंदरराजन और मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने घटना में लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया। हैदराबाद सेंट्रल जोन के डीसीपी वेंकटेश्वर राव ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि यह हादसा हैदराबाद के नामपल्ली के बाजारघाट में हुआ, जहां एक अपार्टमेंट परिसर में स्थित एक गोदाम में आग लग गई। इसमें छह लोगों की मौत हो गई। उन्होंने बताया सूचना मिलने पर दमकल की गाड़ियां मौके पर भेजी गईं और आग पर काबू पा लिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि इमारत से अब तक 21 लोगों को बाहर निकाला गया है। उन्होंने बताया कि सांस के साथ धुआं अंदर जाने से अचेत हुए लोगों को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने नौ लोगों को मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि मृतकों की उम्र छह वर्ष से 66 वर्ष के बीच थी। टीवी के दृश्यों में अग्निशमन कर्मियों को इमारत की खिड़कियों से बच्चों सहित लोगों को बाहर निकालते हुए देखा जा सकता है। अधिकारियों ने बताया कि घटना के बाद दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। पुलिस उपायुक्त (मध्य क्षेत्र) एम वेंकटेश्वरालु ने कहा कि आग बहुत तेजी से फैली। उन्होंने कहा कि पुलिस और अग्निशमन कर्मियों ने इमारत में फंसे परिवारों को वहां से बाहर निकाला। राजभवन से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि राज्यपाल ने मुख्य सचिव को घटना में घायल हुए लोगों को व्यापक चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए तत्काल कदम उठाने का निर्देश दिया और घटना की गहन जांच करने के भी निर्देश जारी किए। इसमें कहा गया है कि राज्यपाल ने आग लगने की परिस्थितियों, प्रतिक्रिया तंत्र और अगले दो दिनों के भीतर लागू किए जा सकने वाले सुधारात्मक उपायों पर एक व्यापक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का भी निर्देश दिया। मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने मृतकों के परिजनों के पांच-पांच लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी और तेलंगाना मंत्री के टी रामा राव ने भी घटनास्थल का का दौरा किया।

## मिजोरम : म्यांमार के ...

जो मिजोरम के जोखावथार से केवल 4 किलोमीटर दूर है। बदला लेने के लिए म्यांमार सेना के जेट फाइटर ने आज सुबह दो बार बम गिराया। नतीजतन, कल से मिजोरम में अधिक शरणार्थी आ रहे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, अब तक 700 से अधिक शरणार्थी सीमा पार कर चुके हैं। इसके अलावा, बमबारी और गोलीबारी से घायल हुए लगभग 17 लोगों, जिनमें महिलाएं और नाबालिग शामिल हैं, को भी इलाज के लिए मिजोरम लाया गया था। कुछ को चंफाई के जिला अस्पताल में रेफर किया गया है।

## मंत्री इंद्रा रेड्डी के ...

के एक अपार्टमेंट में रहने वाले प्रदीप नाम के शख्स के घर पर छापेमारी की है। प्रदीप तेलंगाना की मंत्री सविता इंद्रा का करीबी रिश्तेदार है। इसके अलावा आयकर की टीम रेड्डी के अन्य रिश्तेदारों के ठिकानों की भी तलाशी ली है। फिलहाल आयकर विभाग की छापेमारी 15 जगहों पर चल रही है। फिलहाल, विस्तृत विवरण की प्रतीक्षा है। उल्लेखनीय है कि तेलंगाना में इस महीने के आखिर में विधानसभा चुनाव को लेकर वोटिंग होनी है। उससे पहले राज्य में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और आयकर विभाग की टीम लगातार छापेमारी कर रही हैं।

## रूस की सीरिया ...

सशस्त्र ग्रुप्स के ठिकानों पर हवाई हमले किए हैं। पिछले 24 घंटों में सात बार हमले किए गए। एक अन्य रिपोर्ट में सीरिया की सेना ने इदलिब और अलेप्पो प्रांतों में सरकार के कब्जे वाले क्षेत्रों पर हमलों के लिए विद्रोहियों को दोषी ठहराया है। विद्रोहियों के बारे में सीरिया कहता रहा है कि वे इस्लामी जिहादी हैं। सीरिया के विपक्षी नेताओं का कहना है कि मॉस्को और सीरियाई सरकार दोनों गाजा संघर्ष में दुनिया की व्यस्तता का फायदा उठाकर इदबिल में हमले तेज कर रहे हैं।

## सड़क हादसे में एक की मौत, एक घायल

**नगांव (हिंस)।** दिवाली एवं कालीपूजा के त्योहार के बीच बीती रात नगांव जिले के रूपीहाट के लाउखोवा में एक सड़क दुर्घटना हुई। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा उस समय हुआ जब एक मैक्सिमो वाहन उसी दिशा में जा रहे एक ई-रिक्शा (टॉमटॉम वाहन) के बीच टक्कर हो गई। हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल दयाल मंडल की गंभीर हालत में अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में मौत हो गई। इस बीच, घायल मेघलाल मंडल को इलाज के लिए तेजपुर टाइम्स अस्पताल में रेफर किया गया है। हादसे के बाद मैक्सिमो वाहन का चालक मौके से फरार हो गया। हादसे को लेकर स्थानीय लोगों ने मांग की है कि जिस इलाके में छोटे-मोटे हादसे हुए हैं, वहां स्पीड ब्रेकर बनाए जाएं। आमबगान पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और दो दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को अपने कब्जे में लेकर थाने ले गई।

# संदिग्ध *गोली* के छेद से असम विधायक क्वार्टर में रहने वाले चिंतित



**गुवाहाटी।** एमएलए हॉस्टल परिसर में पहली मंजिल की बालकनी की खिड़की में एक संदिग्ध गोली लगने से दिसपुर में तनाव फैल गया। यह घटना रविवार रात को हुई, जब राज्य की राजधानी दिवाली का जश्न मना रही थी। एमएलए हॉस्टल की पहली मंजिल की बालकनी में संदिग्ध गोली का छेद देखा गया। असम विधानसभा में विपक्ष के नेता देबब्रत सैकिया सहित छह विधायक उस इमारत में रहते हैं। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस की एक टीम एमएलए हॉस्टल पहुंची और प्रारंभिक जांच की। पुलिस के मुताबिक, इस बात पर संदेह है कि छेद गोली से हुआ है या किसी अन्य चीज से। गुवाहाटी के पुलिस आयुक्त, दिगंता बराह ने कहा कि हमारी प्राथमिक जांच के अनुसार, कांच की खिड़की में छेद गोली जैसा नहीं दिखता है; बल्कि यह किसी नुकीली वस्तु के प्रहार से हो सकता है। इसके अलावा, वस्तु संभवत: इमारत के अंदर से फेंकी गई थी, बाहर से नहीं। उन्होंने कहा कि रविवार को ज्यादातर विधायक क्वार्टर पर नहीं थे और केवल सैकिया ही वहां मौजूद थे। हम देबब्रत सैकिया से मिले और उन्होंने हमें बालकनी के शीशे में छेद दिखाया। बराह ने कहा, पुलिस घटना की जांच कर रही है। इस बीच, उस इमारत में रहने वाले एआईयूडीएफ विधायक रफीकुल इस्लाम ने संवाददाताओं से कहा कि यह जगह शहर में एक बहुत ही सुरक्षित जगह है। सभी विधायक यहीं रहते हैं, सुरक्षा पर्याप्त है। विधायकों के पास अपने निजी सुरक्षा गार्ड भी हैं। अगर किसी ने यहां हमला करने की कोशिश की है, तो यह निश्चित रूप से चिंता का विषय है।

# कछार 97 डेटोनेटर, 96 फ्यूज बर्मीज सुपारी के साथ दो गिरफ्तार



**कछार (हिंस)।** कछार जिले में अलग-अलग अभियान में 97 डेटोनेटर, 96 फ्यूज, बर्मीज सुपारी के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। कछार पुलिस ने आज बताया है कि गुप्त सूचना के आधार पर 147वीं बटालियन सीआरपीएफ के साथ सिलचर कलाइन रोड पर कलाइन थाना द्वारा एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया। अभियान के दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम नाजिम उद्दीन (22) है। कछार में उसके कब्जे से 97 डेटोनेटर और 96 फ्यूज बरामद किए गए। जिसे उसने एक बैग में छिपाकर रखा था। वहीं एक अन्य कार्रवाई में बीती रात को गुमराह पुलिस चौकी इलाके में तलाशी के दौरान एक ट्रक (एएस-01डीडी-9674एएस) और एक बोलेरो पिकअप (एएस 11 डीसी 7636) वाहन को जब्त किया गया। दोनों वाहनों से क्रमश: 1 टन और 20 बैग में छुपाकर रखी गई बर्मीज (म्यांमार) सुपारी जब्त की गई। इस संबंध में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। आवश्यक विधिसम्मत कार्रवाई शुरू की गई है।

## रंगिया में तोरोनी हरि मंदिर सभागार की विधायक भवेश कलिता ने रखी आधारशिला



**रंगिया (विभास)।** रंगिया के विधायक तथा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भवेश कलिता ने सोमवार को रंगिया के तोरोनी स्थित हरि मंदिर के सभागार की आधारशिला रखी। दस लाख रूपयों की लागत से तैयार होने वाले इस सभागार की विधायक द्वारा मांगलिक मंत्रोच्चार के बीच आधारशिला की स्थापना की गई। उरुली और शँख ध्वनि के आध्यात्मिक वातावरण में विधायक कलिता ने कहा कि निर्माण होने वाला यह सभागार भक्तों को पूजा अर्चना करने में सुविधाएं प्रदान करेगा। इसके के अलावा रास महोत्सव के आयोजन के क्षेत्र में यह सहायक होगा। उन्होंने मौके पर द्वितीय स्तर का निर्माण कार्य पूर्ण करने के लिए दस लाख रुपए प्रदान किये जाने की घोषणा की।

## रहस्यमय परिस्थिति में मिला दो युवकों का शव

**लखीमपुर (हिंस)।** लखीमपुर में दो युवकों की रहस्यमय मौत से इलाके में सनसनी व्याप्त है। मृत दोनों युवकों की पहचान 28 वर्षीय चिरंजीव राजखोवा और 23 वर्षीय बिकू दास के रूप में की गई है। मृतक चिरंजीव राजखोवा लखीमपुर के एक प्रमुख नर्सिंग होम सिल्वर क्राइस्ट के प्रयोगशाला में तकनीशियन के रूप में कार्यरत था। उसका शव लखीमपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पास सौखाम गांव के खेत में मिला। वहीं बिकू दास नामक युवक का शव कालेज चाराली स्थित एक घर के अंदर फंदे पर लटकता हुआ बरामद हुआ। बिकू दास लखीमपुर बाजार में दिलीप स्टोर नामक एक मनिहारी की दुकान का सेल्समैन था। माना जा रहा है कि दोनों युवकों की मौत पूर्व नियोजित हत्याएं हैं। पुलिस ने आज दोनों शवों को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में भेज दिया है। साथ ही इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।



*विश्वनाथ : विश्वनाथ चारिआलि शहर के बहु बाजार स्थित श्री श्री शिवाजी संघ की ओर से प्रकृति के सामग्री से सजाए काली पूजा पंडाल में असमिया संस्कृति की झलक बना आकर्षण का केंद्र बिंदु (छाया संतोष कुमार महतो)*

## डिब्रूगढ़ में डूबे दो भाइयों में से एक का शव बरामद

**डिब्रूगढ़ (हिंस)।** डूबने के पांच दिन बाद दिगंत काकोती का शव आज बरामद कर लिया गया। दिगंत काकती का शव मोहनाघट इलाके में ब्रह्मपुत्र नद में मिला। उल्लेखनीय है कि बुधवार को डिब्रूगढ़ अमोलापट्टी के दिगंत काकोती और अनंत काकोती अपनी मां का पिंड विसर्जित करने गए थे। उसी समय बड़ा भाई दिगंत काकोती पानी में फिसल गया और छोटा भाई अनंत काकोती उसे बचाने के लिए नद में कूद गया। इसके बाद से एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीम लगातार दोनों भाइयों की तलाश कर रही है, लेकिन दोनों भाइयों का पता नहीं चल पाया था। आज तड़के मॉर्निंग वॉक के लिए गए लोगों ने मोहनाघाट स्थित नद के पानी में एक शव को तैरते देखा और पुलिस को सूचना दी। पुलिस और एसडीआरएफ के जवान तुरंत मौके पर पहुंचे और शव को पानी से बाहर निकाला। परिवार के सदस्यों ने शव की पहचान दिगंत काकोती के शव के रूप में की। शव उस स्थान से कुछ मीटर की दूरी पर पाया गया, जहां बुधवार को दोनों भाई डूबे था। छोटे भाई का अबतक पता नहीं चल सका है।

## भगवान महावीर निर्माणोत्सव एवं चातुर्मास निष्ठापन समारोह संपन्न



**गुवाहाटी।** फैंसी बाजार स्थित श्री दि. जैन(बड़ा) मंदिर एवं भगवान महावीर धर्मस्थल में सोमवार को जैन धर्म के अंतिम तीर्थंकर वर्तमान शासन नायक देवाधिदेव श्री 1008 भगवान महावीर स्वामी का 2550वां निर्वाण महोत्सव एवं चातुर्मास निस्ठापन समारोह श्रद्धा भक्ति एवं उत्साह के साथ मनाया गया। आचार्य श्री प्रमुख सागर महाराज एवं ससंघ के सानिध्य में दीपावली के शुभ अवसर पर आयोजित समारोह के तहत प्राप्त 6 बजे मंदिर कि तीनों वेदियो एवं एसी हाल में एक साथ निर्माण लाडू चढ़ाया गया। इसी क्रम में प्रात: 7 भगवान महावीर धर्म स्थल में विराजमान श्रीजी कि शांतिधारा, पूजा-अर्चना, चातुर्मास निस्ठापन एवं विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के साथ दिगंबर जैन युथ फेडरेशन के संयोजन में निर्मित पावापुरी सिद्ध क्षेत्र निर्माण स्थली के जल मंदिर की अद्भुत रचना में भगवान महावीर के चरण कमल पर 24 किलो का महानिर्माण लाडू सौभाग्यशाली परिवार द्वारा तथा 1 किलो के निर्मित 24 लाडू सौभाग्यशाली परिवारों के साथ उपस्थित सभी समाज बंधुओं द्वारा सामूहिक रूप से चढ़ाया गया। इस अवसर पर आनंद कुमार-रतन प्रभा सेठी परिवार द्वारा श्रीजी की शांतिधारा, भगवान महावीर के चरणों में 24 किलो का महानिर्माण लाडू समर्पित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। एवं रामचंद्र सेठी के संयोजन में श्रीजी की आरती करने का महा सौभाग्य अजय-रूपा रारा परिवार को प्राप्त हुआ। प्रचार प्रसार संयोजक ओम प्रकाश सेठी व सुनील कुमार सेठी ने बताया कि श्री दि. जैन पंचाय, गुवाहाटी के अध्यक्ष महावीर जैन(गंगवाल) ने श्री सूर्य पहाड़ अतिशय तीर्थ क्षेत्र मे श्रीजी की वेदि की स्वीकृति प्रदान करने वाले सभी पुण्यार्जक लोगों का धन्यवाद ज्ञापन किया व मंत्री वीरेंद्र कुमार सरावगी ने बताया कि इसी स्थल में निर्माणोत्सव के अवसर पर 2550 रंग बिरंगी दीप जलाए गए। इस अवसर पर काफी संख्या में समाज बंधु उपस्थित थे। मालूम हो कि मंगलवार को साय: 6 बजे से श्री दिगंबर जैन युथ फेडरेशन के सयोंजन में *दिवाली मिलन समारोह* का आयोंजन किया जाएगा। जिसमें सभी समाज बंधुओ की उपस्थित सादर प्रार्थनिय है।

## रंगिया : दीवाली और बाल दिवस के मौके पर भव्य कार्यक्रम आयोजित



**रंगिया (विभास)।** रोशनी का त्योहार दिवाली और बाल दिवस के संयोजन में रंगिया की अग्रणी स्वयंसेवी संस्था साधना के सौजन्य से तथा सी-डैक रंगिया सेंटर और कौस्तुवा-रे ऑफ होप सोसाइटी के सहयोग से रंगिया के ऐतिहासिक कृषक शहीद भवन प्रांगण में *पोहोरोर उत्सोवोत प्रोतिभार होफुरा* नामक एक मनोरंजन कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में बाल कलाकारों ने बरगीत, भूपेन्द्र संगीत, ज्योति संगीत, राभा संगीत, लोक गीत देशभक्ति आदि गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन बाल कलाकार गीतार्थ डेका और जिमली जोनक ने किया। इस कार्यक्रम में रंगिया, नलबाड़ी, तामुलपुर और अन्य स्थानों के विभिन्न हिस्सों से 150 से अधिक बच्चों और अभिभावकों सहित बहुत से गणमान्य लोगों ने भाग लिया। वहीं बच्चों ने आकर्षक नृत्य, योगासन प्रदर्शन, वैदिक मंत्र, गीता श्लोक, कविता, नागरा वादन के अलावा शिशु दिवस के उपलक्ष्य में उन्होंने पंडित जवाहरलाल नेहरू पर व्याख्यान प्रदान कर उपस्थित लोगों को प्रभावित किया।


## मारवाड़ी सम्मेलन, गुवाहाटी शाखा का दीपावली मिलन समारोह आयोजित

**गुवाहाटी (विभास)।** समाज की अग्रणी संस्था मारवाड़ी सम्मेलन गुवाहाटी शाखा के तत्वाधान में सोमवार को दीपावली मिलन समारोह आयोजित की गई। कार्यक्रम संयोजक साहिल भडेच व गौरव सिवोटिया ने बताया कि ने बताया कि छत्रीबाड़ी स्थित श्री गौहाटी गौशाला प्रांगण में शाम 4 बजे से दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। मारवाड़ी सम्मेलन गुवाहाटी शाखा के अध्यक्ष शंकर बिड़ला ने सभी समाज बंधुओ को दीपावली प्रीति सम्मेलन में उपस्थित होकर इसे सफल बनाने का आह्वान किया हैं। शाखा के जनसंपर्क अधिकारी नरेंद्र सोनी ने बताया कि दीपावली मिलन समारोह को सफल बनाने के लिए शाखा सचिव अशोक सेठिया, कोषाध्यक्ष सूरज सिंघानिया सहित सभी कार्यकारिणी सदस्य जुड़े हुए हैं। उल्लेखनीय है कि मारवाड़ी सम्मेलन गुवाहाटी शाखा की ओर से आयोजित मिलन समारोह में सभी समाज के लोग उपस्थित होकर छोटो को आर्शीवाद व हमउम्र को गले लगाकर एक दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं देते हैं।

## ओरांग गर्ल्स एमई विद्यापीठ में चोरी

**दरंग (हिंस)।** ओरांग थानांतर्गत ओरांग गर्ल्स विद्यापीठ में चोरी का मामला आज प्रकाश में आया है। चोरी ओरांग गर्ल्स एमई विद्यापीठ में बीती रात को हुई। चोरों ने रात में विद्यापीठ के कार्यालय का ताला तोड़कर तीन लाख रुपए का कीमती सामान चुरा लिया। प्रोजेक्टर समेत अन्य कई कीमती सामान चोरों ने चुरा लिए। ओरांग गर्ल्स एमई विद्यापीठ की प्रधानाध्यापिका दिकामाया देवी ने इस घटना के संबंध में आज ओरांग पुलिस थाने में एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस दर्ज प्राथमिकी के आधार पर चोरी की गुत्थी को सुलझाने में जुटी हुई है।

## रंगिया : छठ पूजा के आयोजन को लेकर समिति का गठन



**रंगिया (विभास)।** हर वर्ष की तरह इसबार भी कार्तिक महीने के शुक्लपक्ष चतुर्थी से शुक्लपक्ष सप्तमि तक देशभर में श्रीश्री सूर्य षष्ठी पर्व का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया जाएगा। इसी कड़ी में सन 1961 में स्थापित रंगिया के शिव मंदिर छठ पूजा घाट पर भी इसका भव्य आयोजन किया गया है। जिसकों लेकर गत दिनों स्थानीय समाजबंधुओं की उपस्थिति में एक बैठक आयोजित की गई और शिव मंदिर छठ पूजा घाट पर इस महापर्व के आयोजन को लेकर विचार विमर्श करते हुए एक समिति का गठन किया गया। समिति में अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, कार्यवाहक अध्यक्ष शिवनाथ सिंह, गौतम साह और विजय जयसवाल, उपाध्यक्ष शिवनाथ गुप्ता, देवेन्द्र ग्वाला, विश्वनाथ साह और दिनेश सिंह, कोषाध्यक्ष गौरव गुप्ता, पंकज सिंह, सुरेश चौधरी, उप-कोषाध्यक्ष में शिवनाथ ठाकुर और संतोष साह, संयुक्त सचिव महेश गुप्ता और अभिषेक तिवारी, सहायक सचिव आनन्द ठाकुर और किशन सिंह को कार्यभार सौंपा गया है। वहीं इसके अलावा विभिन्न उप समितियां जिसमें बिजली विभाग में प्रदीप साह, शंकर साह, विजय गुप्ता, अमित कामती, अजित शर्मा, पंडाल विभाग रीतेश साह, हर्ष साह, विशाल साह, मुस्ताक अहमद, प्रचार प्रसार विभाग दिनेश तोदी, नयनज्योति कलिता, महेंद्र कलिता, हानीफ अहमद, प्रीतम ठाकुर और रंजीत मंडल, प्रसाद वितरण विभाग में सूरज साह, राजेश गुप्ता, बबलू बैठा को कार्यभार सौंपने की जानकारी आयोजन समिति द्वारा दी गई है। वहीं नवगठित समिति द्वारा महापर्व के कार्यक्रमों में सभी भक्तों की उपस्थित, सहयोगिता और मार्गदर्शन की कामना की गई है।

## भारी मात्रा में ड्रग्स के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**नगांव (हिंस)।** नगांव जिलांतर्गत कठियातली में भारी मात्रा में ड्रग्स के साथ दो तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने आज बताया है कि दोनों ड्रग्स तस्करों को राष्ट्रीय राजमार्ग-36 के किनारे स्थित गणेश ढाबा से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए तस्करों की पहचान कार्बी आंगलोंग के पापू दास और बुद्धिमन तमांग के रूप में की गई है।

## युवक का शव बरामद

**तिनसुकिया (हिंस)।** तिनसुकिया जिले के मार्घेरीटा थाना क्षेत्र के बरगोला तेलखाट बस्ती में एक युवक का शव बरामद किए जाने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने आज बताया कि रोबीन ठाकुरी नामक युवक अरुणाचल में काम करता था।

# विश्वनाथ में संत श्रीगणिनाथ जी की सार्वजनिक धर्मशाला-कार्य का आगाज

**विश्वनाथ (विभास)।** विश्वनाथ जिला के मध्यदेशीय वैश्य समाज द्वारा संत श्री गणिनाथ जी के सार्वजनिक धर्मशाला के निर्माण हेतु आज पूजनोपरान्त चारदीवारी के निर्माण हेतु विश्वनाथ जिला इकाई के मुख्य संरक्षक शंकर प्रसाद गुप्ता, जिला अध्यक्ष सुरेश प्रसाद गुप्ता, जिला महामंत्री नागेश कुमार गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष द्वारिका प्रसार कानु, जिला संगठन मंत्री राजू प्रसाद द्वारा प्रथम खुटा इंसान कोण पर स्थापित किया गया जिसमें गया प्रसाद गुप्ता, कन्हैया प्रसाद सलाहकार, दिनेश कानू, मिट्ठू कानु, प्रदीप कुमार गुप्ता, चन्द्रशेखर गुप्ता का सहयोग रहा। उल्लेखनीय है कि सन 2005 ई. में श्री रामजी प्रसाद



गुप्त की अध्यक्षता में विश्वनाथ जिला इकाई द्वारा पूर्व में विश्वनाथ चारिआलि शहर के हल्दियाबाड़ी रोड पर दो कट्ठा जमीन क्रय की गई थी। जिसका वित्तीय 22-25 की नई कमेटी द्वारा बाउंड्री दीवार अक्तूबर व नवंबर में बनाने का प्रस्ताव रखा गया था जिसका कार्य आज जिला के अध्यक्ष सुरेश के अध्यक्षता में शुभारंभ किया गया। इस चारदीवारी निर्माण हेतु प्रयोजनीय सामग्री विभूति कानु, जनार्दन गुप्ता उर्फ गुड्डी, उमेश गुप्ता, मानिकचंद गुप्ता, कन्हैया लाल गुप्ता, शम्भू गुप्ता, मोहन गुप्ता, हीरा प्रसाद कानु और गोर्वधन गुप्ता की सहयोग में होने जा रहा है। इसकी जानकारी जिला के महामंत्री नागेश कुमार गुप्ता ने दी।

# युवाओं के सपनों को कुचल रही मोदी सरकार : खड़गे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बेरोजगारी और महंगाई के मुद्दों को लेकर एक बार फिर मोदी सरकार को घेरा है। खड़गे ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी देश के युवाओं के सपनों को कुचल रही है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि युवा देश में एकता और सद्भाव चाहते थे, लेकिन उन्हें नफरत और विभाजन मिला। मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक्स पर पोस्ट किया कि जब प्रधानमंत्री तेलंगाना में (जनसभा में) बोल रहे थे, तो उस समय एक बहुत ही परेशान करने वाला दृश्य सामने आया। एक लड़की देश के सामने मौजूद वास्तविक मुद्दों पर ध्यान आकर्षित करने के लिए बिजली के खंभे पर चढ़ गई। उन्होंने दावा किया कि युवा भारत मोदी सरकार के विश्वासघात से तंग आ चुका है। उन्होंने नौकरियों की आकांक्षा की, लेकिन बदले में उन्हें 45 साल की सबसे ऊंची बेरोजगारी दर मिली। वे आर्थिक सशक्तीकरण चाहते थे, लेकिन बदले में भाजपा ने कमरतोड़ महंगाई दी, जिससे उनकी बचत 47 साल के निचले स्तर पर आ गई है। खड़गे ने कहा कि युवा सामाजिक और आर्थिक न्याय के लिए उम्मीद कर रहे थे, लेकिन बदले में मोदी सरकार ने उन्हें लगातार बढ़ती आर्थिक असमानता दी। सबसे अमीर पांच प्रतिशत भारतीय नागरिकों के पास भारत की 60 प्रतिशत से अधिक संपत्ति है, जबकि मध्यम वर्ग और गरीब पीड़ित हैं। उन्होंने दावा किया कि मोदी सरकार में महिलाओं, बच्चों, दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों के खिलाफ अपराध कई गुना बढ़ गए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि युवा देश में एकता और सद्भाव चाहते थे, लेकिन उन्हें नफरत और विभाजन मिला। मोदी सरकार और भाजपा भारत के युवाओं के सपनों और आकांक्षाओं को कुचल रही है।

### *राहुल गांधी ने मप्र के लोगों से किया वादा, कहा–*

# 500 रुपए में सिलेंडर... किसानों का दो लाख रुपए तक का कर्ज करेंगे माफ

**भोपाल।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को मध्य प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप लगाते हुए दावा किया कि यह राज्य देश की *भ्रष्टाचार राजधानी* है। मध्य प्रदेश के नीमच जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए, राहुल गांधी ने केंद्र और राज्यों में कांग्रेस के सत्ता में आने पर जाति जनगणना का भी वादा किया और विश्वास जताया कि उनकी पार्टी प्रदेश के विधानसभा चुनावों में जीत हासिल करेगी। उन्होंने वादा किया कि उनकी पार्टी की सरकार 500 रुपए में एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध कराएगी, किसानों का दो लाख रुपए तक का कर्ज माफ करेगी, गेहूं के लिए 2,600 रुपए का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) देगी तथा 100 यूनिट तक मुफ्त बिजली देगी। मध्य प्रदेश की 230 सदस्यीय विधानसभा के लिए 17 नवंबर को मतदान होने हैं। गांधी ने कहा कि कांग्रेस ने राज्य में (2018 के विधानसभा चुनावों के बाद) सरकार बनाई थी और जैसे ही उसने 27 लाख किसानों का कर्ज माफ कर किसानों के लिए काम करना शुरू किया, भाजपा ने बड़े उद्योगपतियों के साथ मिलकर किसानों, मजदूरों और छोटे दुकानदारों की सरकार छीन ली और सत्ता में वापस आ गए। उन्होंने दावा किया कि मध्य प्रदेश देश में भ्रष्टाचार की राजधानी है।



गांधी ने सोशल मीडिया में प्रसारित एक वीडियो का भी जिक्र किया जिसमें केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के बेटे और एक *बिचौलिए* को कथित तौर पर करोड़ों रुपए के बारे में बात करते हुए दिखाया गया है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि वीडियो में तोमर जी का बेटा बैठकर आपके पैसे चुराता दिख रहा है। उन्होंने मध्य प्रदेश के विधायकों का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि यहां भाजपा के विधायक और मंत्री भी कम नहीं हैं। वे किसानों और मजदूरों से पैसे चुराने में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। गांधी ने दावा किया कि राज्य में 18,000 किसानों ने कर्ज के कारण आत्महत्या की है और जब कांग्रेस सरकार ने कृषि ऋण माफ करने की शुरुआत की तो भाजपा ने उसकी (कांग्रेस सरकार की) चोरी कर ली। उन्होंने दावा किया कि अडाणी जैसे उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए नोटबंदी की गई, लेकिन इससे छोटे दुकान मालिकों और आम लोगों पर भारी असर पड़ा। गांधी ने कहा कि रोजगार छोटे व्यापारियों द्वारा दिया जाता है, न कि बड़े उद्योगों द्वारा।

# दिवाली के बाद बिगड़ी दिल्ली की हवा पर्यावरण मंत्री ने बुलाई समीक्षा बैठक

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने सोमवार को दिल्ली सचिवालय में पर्यावरण विभाग के अधिकारियों के साथ प्रदूषण समीक्षा बैठक बुलाई है। यह तब आया है जब दिल्ली–एनसीआर में कई स्थानों पर वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) पिछले कई दिनों से *गंभीर* या *गंभीर प्लस* श्रेणी में था। इसके अतिरिक्त, क्षेत्र में दिवाली के बाद के उत्सवों ने क्षेत्र और इसके आसपास के स्थानों के निवासियों के लिए चिंता का विषय पैदा कर दिया है। समीक्षा बैठक के बारे में एएनआई से बात करते हुए, राय ने कहा कि समीक्षा बैठक में दिल्ली–एनसीआर में समग्र वायु गुणवत्ता स्थिति पर चर्चा शामिल होगी। हम प्रदूषण से निपटने के लिए लागू किए गए विभिन्न प्रवर्तन कार्यों की स्थिति पर चर्चा करेंगे। पर्यावरण मंत्री ने कहा कि आज सोमवार को दोपहर 12 बजे एक बैठक बुलाई गई है, जिसमें हम वायु गुणवत्ता और प्रदूषण से संबंधित सभी स्थितियों पर चर्चा करेंगे। लोगों द्वारा शहर भर में पटाखे फोड़कर दिवाली मनाने और हवा की गुणवत्ता खराब होने के एक दिन बाद सोमवार सुबह दिल्ली और उसके आसपास के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में धुंध की मोटी परत छा गई। दिल्ली के विभिन्न हिस्सों की तस्वीरों और वीडियो में सड़कों पर घनी धुंध दिखाई दे रही है, जिससे दृश्यता काफी कम हो गई है और कुछ सौ मीटर से आगे देखना मुश्किल हो गया है। आप सरकार के पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध और दीया जलाओ, पटाखे नहीं अभियान के बावजूद, लोधी रोड, आरके पुरम, करोल बाग और पंजाबी बाग सहित दिल्ली के विभिन्न हिस्सों के दृश्यों में रविवार को रात के आकाश में आतिशबाजी दिखाई दी। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया कि पिछली रात लुटियंस दिल्ली में रात 2 बजे तक फुलझड़ियां, बम, रॉकेट और दीपावली पर इस्तेमाल होने वाले सभी पटाखों का जोरदार प्रदर्शन किया गया। क्या सुप्रीम कोर्ट ने कहा था? पटाखों पर प्रतिबंध लगाओ? तृणमूल कांग्रेस के सांसद साकेत गोखले ने भी सोमवार को दिल्ली पुलिस को पत्र लिखकर दिवाली की रात पटाखे फोड़ने के खिलाफ दर्ज मामलों की जानकारी मांगी।



## कृष्णानगर पार्टी के जिला अध्यक्ष बने महुआ मोइत्रा

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा को कृष्णानगर (नादिया उत्तर) का पार्टी जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस की ओर से यह जानकारी दी गई है। दरअसल, महुआ इन दिनों रिश्वत लेकर संसद में सवाल पूछने के मामले में मुश्किलों का सामना कर रही हैं। ऐसे में उनकी पार्टी ने उन्हें यह नई जिम्मेदारी सौंप दी है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने मोइत्रा को कृष्णानगर (नदिया नॉर्थ) जिले का पार्टी अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस पर महुआ ने ममता बनर्जी का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि मुझे कृष्णानगर (नादिया उत्तर) का जिला अध्यक्ष नियुक्त करने के लिए ममता दीदी और तृणमूल कांग्रेस को धन्यवाद। मैं कृष्णानगर के लोगों के लिए पार्टी के साथ हमेशा काम करूंगी।

### *केरल के वित्त मंत्री के आरोपों पर केंद्र ने कहा–*

# फिजूलखर्ची के कारण राज्य में हो रहा वित्तीय संकट

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के वित्तीय संकट को लेकर केंद्र सरकार ने कटाक्ष किया है। केंद्र सरकार ने सोमवार को आरोप लगाया कि राज्य की वित्तीय संकट के लिए केंद्र की कोई नीतियां नहीं बल्कि केरल की सत्तारूढ़ वामपंथी प्रशासन की फिजूलखर्ची और विलासिता जिम्मेदार है। केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन ने पूछा कि क्या केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन मूर्ख थे या इस मुद्दे पर जनता को गुमराह करने के लिए मूर्ख बन रहे थे। मुरलीधरन ने यह भी दावा किया कि सीएम और राज्य के वित्त मंत्री केएन बालगोपाल हमेशा केंद्र द्वारा नहीं दिए गए फंड के अलग–अलग आंकड़े बताते हैं। केरल सरकार पर हमला करते हुए उन्होंने कहा, आप केरल के मुख्यमंत्री हैं। आपको मूर्ख नहीं बनना चाहिए। राज्य मंत्री ने तर्क दिया, केरल के मुख्यमंत्री को देश के कानूनों के बारे में पता होना चाहिए। उन्हें राज्य की वित्तीय स्थिति के बारे में भी पता होना चाहिए। बता दें उनकी प्रतिक्रिया राज्य के वित्त मंत्री बालगोपाल द्वारा वित्तीय मामलों में केरल और अन्य विपक्षी शासित राज्यों के प्रति केंद्र द्वारा भेदभाव का आरोप लगाने के एक दिन बाद आई है।



## नोएडा में तीन लोगों को कार ने कुचला

**नोएडा।** सेक्टर–119 स्थित एल्डिको सोसायटी के बाहर आतिशबाजी कर रहे तीन लोगों को एक चालक टक्कर मारकर फरार हो गया। घायलों का प्राइवेट अस्पताल में उपचार चल रहा है। सूचना पर सेक्टर 113 कोतवाली पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। परिजनों का कहना है कि 72 वर्षीय विजय कुमार, उनके 40 वर्षीय दामाद सौरभ सिंह और उनके पड़ोस में रहने वाली आठ साल की बच्ची सेक्टर–119 में स्थित एल्डिको आमंत्रण हाउसिंग सोसायटी के बाहर दीपावली की रात टहल रहे थे। तभी एक काले रंग की कार आई और तीनों को कुचल दिया। विजय कुमार की हालत नाजुक है, जबकि सौरभ सिंह और बच्चों की हालत खतरे से बाहर हैं। दीपावली पर हुई इस घटना के बाद पूरे परिवार और सोसायटी में मातम छाया गया। घायल अपने घर से टहलने निकले थे।

# अफ्रीका के साथ भारत का व्यापार हुआ सौ बिलियन अमेरिकी डॉलर से पार : जयशंकर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत और अफ्रीका के बीच पिछले कुछ वर्षों में घनिष्ठता अधिक हो गई है। अफ्रीका के साथ भारत के व्यापार ने आज इतिहास रच दिया है। अफ्रीका के साथ भारत का व्यापार आज 100 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक हो गया है। विदेश मंत्री ने कहा कि अफ्रीका में पिछले एक दशक में बड़ी संख्या में भारतीय दूतावास भी खुले हैं। जयशंकर ने कहा कि अफ्रीका के साथ हमारा व्यापार 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक सिर्फ व्यापार नहीं है बल्कि, भारत अफ्रीका में शीर्ष पांच निवेशकों में से एक है। हमारी अनुमानित पूंजी 80 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक है। अफ्रीका में पिछले एक दशक में हमारे कई दूतावास खुले हैं। इसी के अलावा, विदेश में पहला आईआईटी अफ्रीका में खुला है। विदेश में पहला फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय भी अफ्रीका में खुला। हम आज सिर्फ वादा ही नहीं बल्कि, भविष्य के लिए अफ्रीका में दांव भी लगा रहे हैं। जी20 में अफ्रीकी संघ की स्थायी सदस्यता पर विदेश मंत्री ने कहा कि इस पर कई वर्षों से विचार विमर्श किया गया है। शुक्रवार को यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में विदेश मंत्री ने अफ्रीकी राजदूतों का स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने परिवर्तनकारी डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के अनुभव को साझा करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। जयशंकर ने ट्वीट कर कहा कि आज यशोभूमि में अफ्रीकी राजदूतों की मेजबानी करके खुशी मिली।



# पीएम सुनक की कैबिनेट में फेरबदल, जेम्स क्लेवरली और डेविड कैमरन को मिली बड़ी जिम्मेदारी

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने अपनी सरकार की गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमैन को बर्खास्त कर दिया है। उन्होंने पुलिस पर फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों के प्रति बहुत अधिक नरमी बरतने का आरोप लगाया था। हालांकि, इसके बाद रविवार को उन्होंने पुलिस के समर्थन में अपना बयान दिया। अपनी कुर्सी बचाने के लिए पुलिस के समर्थन करने में उन्होंने देर कर दी। प्रधानमंत्री कार्यालय के मुताबिक, ब्रिटिश विदेश मंत्री जेम्स क्लेवरली को ब्रेवरमैन की जगह गृह मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा डेविड कैमरन को विदेश मंत्रालय का जिम्मा सौंपा गया है। कैमरन ब्रिटेन सरकार में विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास मामलों के राज्य सचिव पद की जिम्मेदारी संभालेंगे। दरअसल, कैमरन की कैबिनेट में वापसी चौंकाने वाली है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यह केवल दूसरी बार है, जब कोई पूर्व प्रधानमंत्री कैबिनेट में वापस लौटा है। कैमरन ने 2016 में उस वक्त प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था, जब ब्रिटेन ने उनके द्वारा बुलाए गए जनमत संग्रह में यूरोपीय संघ छोड़ने के लिए मतदान किया था। दरअसल, पिछले हफ्ते फलस्तीन के समर्थन में एक रैली निकाली गई थी। इस दौरान भीड़ ने पुलिस पर हमला बोल दिया था। इसके बाद सुनक कैबिनेट के कई मंत्रियों और पार्टी सदस्यों ने सुएला से जवाब मांगा था। इस पर उन्होंने इसे पुलिस की नाकामी बता दिया था। इस मामले को लेकर सुनक पर उनकी कंजर्वेटिव पार्टी का ही दवाब था और साथ ही विपक्ष के हमले भी उनकी परेशानी बढ़ा रहे थे। ब्रेवरमैन ने रविवार शाम को एक बयान में कहा था कि हमारे बहादुर पुलिस अधिकारी कल लंदन में प्रदर्शनकारियों की हिंसा और आक्रामकता का सामना करने के लिए सभी नागरिकों के धन्यवाद के पात्र हैं। अपनी ड्यूटी करते हुए कई अधिकारी घायल हो गए। अपनी सफाई में ब्रेवरमैन ने आगे कहा था कि प्रदर्शन के दौरान खुले तौर पर प्रयोग किए गए भड़काऊ भाषण ठीक नहीं है। यह गलत संदेश देते हैं। यहूदी विरोधी भावना के साथ आतंकवाद को इतने बड़े पैमाने पर महत्व देना बेहद परेशान करने वाला है। पिछली बोरिस जॉनसन की सरकार में 43 साल की सुएला ब्रेवरमैन अटॉर्नी जनरल थीं। वे हिंदू–तमिल परिवार से ताल्लुक रखती हैं। उनका जन्म 3 अप्रैल 1980 में लंदन में हुआ। उनका लालन पालन वेंबले में हुआ। ऐसे में उनके पास ब्रिटेन की नागरिकता है।



# नेपाल सरकार ने चीनी एप टिकटॉक पर लगाया प्रतिबंध

**काठमांडू।** नेपाल सरकार ने सोमवार को चीन के स्वामित्व वाले सोशल नेटवर्किंग मंच टिकटॉक को यह कहते हुए प्रतिबंधित करने का फैसला किया कि सामाजिक सद्भाव पर इसका नकारात्मक असर पड़ता है। सरकार की प्रवक्ता, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री रेखा शर्मा के मुताबिक, सोमवार को मंत्रिमंडल की हुई बैठक में टिकटॉक को प्रतिबंधित करने का फैसला किया गया। उन्होंने कहा कि टिकटॉक पर प्रतिबंध का फैसला संचार एवं सूचना प्रौद्योगिक मंत्रालय द्वारा लागू कराया जाएगा। काठमांडू पोस्ट अखबार की खबर के मुताबिक, नेपाल सरकार ने टिकटॉक पर रोक सामाजिक सद्भाव पर इसके *नकारात्मक असर* के मद्देनजर उठाया है। मंत्रिमंडल की गुरुवार को हुई बैठक में फेसबुक, एक्स (पूर्ववर्ती ट्विटर), टिकटॉक और यूट्यूब सहित सभी सोशल मीडिया मंचों के लिए नेपाल में संपर्क कार्यालय खोलना अनिवार्य करने का फैसला किया गया था। खबर के मुताबिक सरकार ने कहा कि अभिव्यक्ति की आजादी एक मूलभूत अधिकार है लेकिन समाज के बड़े तबके ने टिकटॉक की आलोचना करते हुए आरोप लगाया है कि यह घृणा भाषण को बढ़ावा दे रहा है। पिछले साल में वीडियो साझा करने वाले इस ऐप से साइबर अपराध करने के 1,647 मामले दर्ज किए गए थे। शर्मा ने स्पष्ट किया कि टिकटॉक को बंद करने का फैसला समय सीमा तय करने के बाद लागू किया जाएगा। हालांकि, नेपाली कांग्रेस के महासचिव गगन थापा ने फैसले पर आपत्ति जताई है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया कि सरकार का टिकटॉक पर रोक लगाने का फैसला गलत है, सरकार को सोशल मीडिया साइट को विनियमित करना चाहिए। चीनी नेटवर्किंग मंच के लिए यह फैसला झटके की तरह है।

# भगवान राम की मूर्ति लेकर पीड़ित डॉक्टर के घर पहुंचे कुमार विश्वास, माफी मांगकर साथ मनाई दीपावली

**नई दिल्ली।** सुरक्षाकर्मियों और एक डॉक्टर के बीच मारपीट की घटना सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर कवि कुमार विश्वास विवादों में हैं। कवि की तरफ से इस पूरे विवाद पर सफाई पेश करने के बावजूद मामले की जांच जारी है। सीआरपीएफ ने हाल ही में जांच पूरी होने तक विश्वास की सुरक्षा में तैनात तीन जवानों को ड्यूटी से हटा लिया। इनकी जगह नए जवानों को तैनात किया गया है। इस बीच, रविवार शाम दीपावली के दिन कुमार विश्वास पीड़ित डॉक्टर पल्लव वाजपेयी से मिलने उनके घर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने परिवार के साथ दीपावली मनाई। यह विवाद सामने आने के बाद से कुमार विश्वास सवालों के घेरे में थे। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन का रवैया भी आक्रामक हो गया था। आईएमए ने हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी थी। माना जा रहा है कि अपनी छवि को पहुंच रहे नुकसान को देखते हुए और विवाद खत्म करने की कोशिश के तहत कुमार विश्वास पीड़ित डॉक्टर के घर पहुंचे और उनसे क्षमा मांगी। सूत्रों का कहना है कि डॉ. कुमार विश्वास ने प्रताप विहार निवासी डॉ. पल्लव वाजपेयी के परिचितों के माध्यम से उनके घर जाने का समय मांगा और दीपावली की शाम उनके घर पहुंचे। उनसे और उनके परिवार से मिलकर उनका कुशल–क्षेम जाना। उन्हें भगवान राम की मूर्ति भी भेंट की। दरअसल, कुमार विश्वास एक कार्यक्रम के सिलसिले में अलीगढ़ जा रहे थे। जैसे ही उनकी गाड़ियों का काफिला हिंडन बैराज मोड़ पर पहुंचा तो उनके सुरक्षाकर्मियों ने पीछे चल रहीं गाड़ियों को रुकने का इशारा किया। साइड नहीं देने पर सुरक्षाकर्मियों ने कार सवार डॉ. पल्लव वाजपेई को रोक लिया। डॉक्टर का कहना था कि वे वैशाली के आरोग्य अस्पताल से विजयनगर के निजी अस्पताल में आपात स्थिति के लिए जा रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान उनके सुरक्षाकर्मियों की डॉक्टर पल्लव वाजपेयी से झड़प हुई थी, जिसमें डॉक्टर को काफी चोटें आई थीं। डॉ. पल्लव और सुरक्षाकर्मियों दोनों ने अपनी–अपनी ओर से थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। घटना के बाद सोशल मीडिया पर कुमार विश्वास की किरकिरी होने लगी। कुमार विश्वास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लंबी पोस्ट डालकर माफी मांगी। उन्होंने कहा था कि अलीगढ़ जाते समय वसुंधरा स्थित घर से जब निकला तो हिंडन नदी तट पर किसी कार चालक ने साथ चल रहे सुरक्षाकर्मियों की कार पर दोनों ओर से टक्कर से हमला करने की कोशिश की।



## दीवाली : भारत और पाकिस्तानी सैनिकों ने मिठाइयों का किया आदान–प्रदान

**श्रीनगर।** भारतीय थलसेना ने जम्मू–कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर रविवार को दिवाली के अवसर पर अपने पाकिस्तानी समकक्षों के साथ मिठाइयों का आदान–प्रदान किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि हालांकि, अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर दोनों पक्षों के बीच मिठाइयों के आदान–प्रदान के दौरान पिछले वर्षों जैसा उत्साह देखने को नहीं मिला। हाल में पाकिस्तान की तरफ से संघर्षविराम का उल्लंघन करने की घटनाएं इसके लिए जिम्मेदार रहीं, जिसमें सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का एक जवान शहीद हो गया था। आठ–नौ नवंबर की दरमियानी रात सांबा जिले के रामगढ़ सेक्टर में, पाकिस्तान रेंजर्स की गोलीबारी में बीएसएफ के एक जवान की जान चली गई थी।

# मुख्यमंत्री योगी ने जनता दर्शन में सुनीं जन समस्याएं, अधिकारियों को निर्देश

**गोरखपुर ( हिंस )।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान सोमवार की सुबह लोगों की समस्याएं सुनीं। जनता दर्शन कार्यक्रम में पहुंचे लोगों को उनकी समस्याओं से निजात दिलाने का भरोसा दिया। अधिकारियों को त्वरित निदान के निर्देश भी दिए। गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने लगी कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद पहुंचे। उनकी समस्याएं सुनीं और शीघ्र ही समस्या निदान कराने का अश्वासन दिया। इसके लिए उन्होंने पास में मौजूद अधिकारियों को समस्या निस्तारण को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने सभी लोगों को भरोसा दिया कि सबकी समस्याओं



का न्यायपूर्ण निस्तारण होगा। अधिकारी स्वयं इसमें रुचि लेंगे और आपकी बातों को पूरी तरह सुनने के बाद कानून के अलोक में समस्या निदान करेंगे। जिन्हें आवास की समस्या है, उन्हें सरकारी योजना से आवास दिलाया जाएगा। गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए पर्याप्त आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। किसी की जमीन पर अवैध कब्जा नहीं होने दिया जाएगा। भू माफिया के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई कराई जाएगी। हर बार की तरह सोमवार को भी कई लोग गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर आए थे। मुख्यमंत्री योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि इलाज में मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से भरपूर मदद मिलेगी। इसे लेकर उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज संबंधी इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कर शासन में भेजें। जनता दर्शन में परिजनों के साथ आए बच्चों को उन्होंने दुलारा और आशीर्वाद दिया। साथ ही उन्हें खूब पढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए चॉकलेट दिया।

# एमपी चुनाव में पीडीए लाएगा परिवर्तन : अखिलेश

**लखनऊ/कटनी ( हिंस )।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कटनी जिले की बहोरीबंद विधानसभा में सपा प्रत्याशी शंकर महतो लोधी के समर्थन में आयोजित जनसभा में सोमवार को शामिल हुए। उन्होंने मंच से जनसभा में उपस्थित जनता से कहा कि पीडीए (पिछड़ा, दलित, आदिवासी) ही परिवर्तन लाएगा। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि किसान सम्मान राशि यहां पर 1500 करने का दावा कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश में समाजवादियों ने अपने घोषणा पत्र में लिखा कि 3000 देंगे। अगर हम उत्तर प्रदेश में तीन हजार दे सकते हैं जो 24 करोड़ आबादी का है तो यहां तो सिर्फ 7 करोड़ आबादी है। हम लोगों ने पढ़ने-लिखने वालों को लैपटॉप दिया, सड़कें




ऐसी बनाई जिसपर हवाई जहाज उतर जाए। अखिलेश ने कहा कि 27 फीसदी आरक्षण मिलना चाहिए। जिन प्रदेशों में सरकार ऐसी बनी जिन्होंने पिछड़े, दलित और आदिवासी के हक और सम्मान को समझा, वहां मिला है। मुझे उम्मीद है यहां की जनता जब जाग जाएगी तो वह भी यही तरीका अपनाएगी कि सबकी जनसंख्या गिनी जाए और आबादी के हिसाब से हक मिले। उन्होंने कहा कि जानवर आज भी किसान को बर्बाद कर रहा है।

## छठव्रती महिलाओं के लिए ड्रेस चेंजिंग रूम का निर्माण

## खतरनाक घाटों की घेराबंदी होगी

**बेतिया ( हिंस )।** डीएम दिनेश कुमार राय एवं पुलिस अधीक्षक, बेतिया, अमरकेश डी द्वारा आज सागर पोखरा, उतरवारी पोखरा, संत घाट, दुर्गाबाग छठ घाटों का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गय। सभी घाटों पर साफ-सफाई, बैरिकेडिंग के साथ ही साथ पूरे छठ घाट परिसरों में आयोजकों से समन्वय स्थापित कर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाय। साथ ही महिला छठ व्रतियों की सुविधा के मद्देजनर पर्याप्त संख्या में चेंजिंग रूम की भी व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाय ताकि श्रद्धालुओं को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने कहा कि जहां गहराई ज्यादा हो वहां पर मजबूत बैरिकेडिंग कराना सुनिश्चित करें ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना नहीं हो। ज्यादा गहराई वाले घाटों पर इसके आगे जाना खतरनाक है की तख्ती लगवाना भी आवश्यक है ताकि सभी श्रद्धालुओं को स्पष्ट रूप से दिखाई दें। कार्यपालक अभियंता, विधुत को निदेश दिया गया कि घाटों पर बिजली व्यवस्था की अच्छे तरीके से निगरानी आवश्यक है। इस हेतु समुचित कदम उठाए। साथ ही घाटों के आसपास के क्षेत्रों में प्रॉपर तरीके से गार्ड वायर की व्यवस्था करें। नगर आयुक्त, नगर निगम, बेतिया को घाटों की तरफ जाने वाली सड़कों, पहुंच पथों की लेबलिंग कराने, साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, चूना/ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव आदि व्यवस्था करने को कहा गया है।

## धार्मिक स्थलों को निशाना बनाने को हो रही पाकिस्तान से फंडिंग

**लखनऊ ( हिंस )।** उत्तर प्रदेश में आतंकवाद फैलाने के लिए सीमा पार पाकिस्तान से फंडिंग की जा रही है। एटीएस ने गिरफ्तार किए गए सात आतंकियों से मिले इनपुट के आधार पर यह खुलासा किया है। इन आतंकियों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस की जांच टीम गाजियाबाद के फरीदनगर स्थित केनरा बैंक तक पहुंची जहां पर फंडिंग का खुलासा किया गया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले एक महीने में करीब 70 लाख रुपए की फंडिंग की गई है जिससे उत्तर प्रदेश में त्योहार के मौकों पर आतंकी साजिश को अंजाम दिया जा सके। पुख्ता जानकारी मिलने के बाद एटीएस ने पाकिस्तान के एक अज्ञात स्लीपर सेल के खिलाफ भी मामला दर्ज किया है। गाजियाबाद के फरीदनगर में केनरा बैंक में खोला गया खाता रियाजुद्दीन नाम के किसी व्यक्ति के नाम से खोला गया है। जबकि मोबाइल नंबर बिहार के चंपारण जिले के इजहारुल हुसैन नाम के व्यक्ति का दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आतंकियों से प्राप्त इनपुट के आधार पर जानकारी मिली है कि यह खाता इजहार उल हुसैन ही ऑपरेट कर रहा था। एटीएस का मानना है कि पाकिस्तान में बैठे उनके आका किसी बड़े हमले की तैयारी कर रहे थे।

# गोवर्धन पूजा पर यदुवंशियों ने निकाली विशाल शोभयात्रा, मनरी कला का जमकर प्रदर्शन

**वाराणसी ( हिंस )।** दीपावली पर्व के दूसरे दिन सोमवार अपरान्ह केसरिया साफा बांधे यदुवंशियों ने हथुआ मार्केट चेतगंज के मुख्य गेट से भव्य गोवर्धन पूजनोत्सव शोभायात्रा निकाली। गोवर्धन पूजा समिति के बैनर तले निकली श्रीकृष्ण-बलराम गोवर्धन पूजनोत्सव शोभायात्रा का उद्घाटन पूर्व सांसद डीपी यादव ने किया। शोभायात्रा में पूर्व सांसद डीपी यादव, समिति के अध्यक्ष विनोद यादव *गप्पू* एवं संयोजक कैलाश यादव, सह संयोजक प्रकाश यादव, इंजीनियर अशोक यादव आदि नेताओं के मौजूदगी में समाज के युवाओं ने उल्लास पूर्ण माहौल में ढोल-नगाड़ों की थाप पर थिरकने



के साथ परंपरागत मनरी कला (लट्ठबाजी) का जमकर प्रदर्शन किया। शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां, वाहनों पर कलाकारों के रासनृत्य, भगवान कृष्ण के जीवन से जुड़ी झांकिया, छत्तीसगढ़ राज्य की आकर्षक विशाल हनुमान जी की झांकी, शिव पार्वती, भगवान बलराम श्री कृष्ण की झांकी एवं ग्वाल-बाल की टोली, भूतभावन भगवान शंकर की अघोरी रूप, नंदी आकर्षण का केंद्र रही। सड़क के दोनों ओर झांकियों के दर्शन के लिए यादव समाज के लोगों का रेला उमड़ा रहा। शोभायात्रा के आगे-आगे शानदार आतिशबाजी का भी प्रदर्शन होता रहा। शोभायात्रा लहुराबीर, पिपलानी कटरा, कबीरचौरा, मैदागिन, विशेश्वरगंज, मच्छोदरी, प्रहलाद राजघाट होते हुए गोवर्धन धाम पहुंची। खिड़किया घाट पर समाज के लोगों ने गोवर्धनधारी का पूजन-अर्चन किया। इस कलाकारों ने गंगा किनारे बने भव्य मंच पर भगवान श्रीकृष्ण की मोहक लीलाओं का मंचन किया। आयोजित सभा में बतौर मुख्य अतिथि उच्च न्यायालय इलाहाबाद के न्यायमूर्ति जस्टिस शेखर कुमार यादव भी शामिल होंगे। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. सुधा यादव, राज्यसभा सदस्य होंगी। विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री दुर्गा प्रसाद यादव, पूर्व सांसद रामकिशुन यादव, पूर्व सांसद कैलाशनाथ सिंह यादव, विधायक सकलडीहा प्रभु नारायण सिंह यादव, विधायक डॉ. विरेन्द्र यादव, विधायक लकी यादव विधायक, विधायक डॉ. संग्राम यादव आदि भी सभा में शामिल होंगे।

# प्रधानमंत्री मोदी आज शाम पहुंचेंगे रांची, करेंगे रोड शो

**रांची ( हिंस )।** भगवान बिरसा मुंडा जयंती और राज्य स्थापना दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 14 और 15 नवंबर को झारखंड दौरे को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। प्रधानमंत्री दो दिनों तक झारखंड दौरे पर रहेंगे। वह 14 नवंबर को विशेष विमान से रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचेंगे। रात में वे राजभवन में विश्राम करेंगे। 15 नवंबर की सुबह वे सबसे पहले रांची स्थित *भगवान बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान सह स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय* देखने जाएंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री रांची में रोड शो करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री रांची एयरपोर्ट से हेलीकॉप्टर के जरिए भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली खूंटी जिला स्थित उलिहातू के लिए रवाना होंगे। उलिहातू में प्रधानमंत्री भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। साथ ही उनके परिजनों के साथ बातचीत करेंगे। इसके बाद वे खूंटी में ही आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। खूंटी में प्रधानमंत्री लगभग ढाई घंटे तक रहेंगे। प्रधानमंत्री यहां ट्राइबल प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे। साथ ही ट्राइबल एचीवर्स से बात करेंगे। इसके आलावा वे भगवान बिरसा मुंडा की धरती से *विकसित भारत संकल्प यात्रा* का शुभारंभ करेंगे।

# एनटीपीसी बरौनी में मजदूरों की हड़ताल से आठ घंटे तक फंसे रहे नाइट शिफ्टकर्मी

**बेगूसराय ( हिंस )।** राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एनटीपीसी) बरौनी के स्टेज-दो के केमेस्ट्री डिपार्टमेंट में निजी एजेंसी के तहत काम कर रहे चार मजदूरों को हटा देने सहित अन्य समस्याओं के विरोध में सोमवार को सैकड़ों मजदूरों ने एक्सटेंशन प्रोजेक्ट के मुख्य द्वार को जाम कर धरना दिया। इस दौरान मजदूरों ने निजी एजेंसी प्रबंधन के विरोध में जमकर नारेबाजी भी हंगामा भी किया। सुबह छह बजे से ही आक्रोशित मजदूरों ने गेट पर पहुंच कर हड़ताल कर देने से सैकड़ों मजदूर काम करने के लिए प्रतिष्ठान में प्रवेश नहीं कर सके। इसके कारण नाईट शिफ्ट में कार्य कर रहे कई अधिकारियों और कर्मचारियों को लगातार आठ घंटे अधिक कार्य करना पड़ा। एनटीपीसी प्रबंधन, चकिया सहायक थाना प्रभारी एवं सीआईएसएफ



के अधिकारी ने गेट पास रोके गए चार मजदूरों को दो दिनों के अंदर गेट पास बनाए जाने का आश्वासन दिया। लेकिन मजदूरों ने उक्त आश्वासन मौखिक नहीं सुनकर एनटीपीसी के अधिकारियों से लिखित देने की मांग पर अड़े रहे। बाद में हटाए गए मजदूरों को वापस रखने सहित अन्य मुद्दों पर लिखित आश्वासन देने पर धरना समाप्त हुआ। बाद में एनटीपीसी के एचआर प्रबंधक मयंक गुप्ता द्वारा हटाए गए चार मजदूरों को काम पर रखने समेत उसके अन्य समस्याओं का तीन-चार दिनों में समाधान करने के लिखित आश्वासन पर आक्रोशित मजदूर शांत हुए तथा दोपहर तीन बजे सभी मजदूर पुनः काम पर वापस लौटे। एजेंसी द्वारा अचानक कोई मजदूर को कार्य से नहीं निकालने सहित अन्य मुद्दों पर भी आश्वासन दिया गया है। बरौनी ताप विद्युत श्रमिक संघ के अध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि एनटीपीसी एवं संवेदक की मिलीभगत से मजदूरों को परेशान किया जाता है। कमीशन के लिए संवेदकों द्वारा मजदूरों के साथ दुर्व्यवहार एवं काम से निकालने की धमकी दिया जाता है। जब टेंडर होता है तो पुराने मजदूरों को हटा दिया जाता है। कमीशन तय कर नए मजदूर रखे जाते हैं। समय पर पेमेंट नहीं दिया जाता है, पे-स्लीप और ईएसआई कार्ड नहीं दिया जा रहा है।



# पंजाब सरकार का दावा : दीवाली की रात हवा की गुणवत्ता में हुआ सुधार

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब में औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में पिछले वर्ष 2022 की तुलना में 7.6 प्रतिशत और 2021 की तुलना में 22.8 प्रतिशत की कमी देखी गई है। सोमवार को एक बयान जारी कर पर्यावरण मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर ने कहा कि हवा की गुणवत्ता में सुधार के लिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के अनुसार वास्तविक समय के आधार पर वायु गुणवत्ता की निगरानी के लिए पंजाब के अमृतसर, जालंधर, लुधियाना, खन्ना, मंडी गोबिंदगढ़ और पटियाला पीपीसीबी ने छह शहरों में सतत परिवेश वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशन (सीएएक्यूएमएस) स्थापित किए हैं। पिछले वर्ष 2022 और 2021 की दिवाली के दिनों की तुलना में 2023 की दिवाली के दौरान वायु गुणवत्ता सूचकांक के तुलनात्मक स्तर में सुधार हुआ है। यह डेटा दिवाली के दिन सुबह 7.00 बजे से दिवाली के अगले दिन सुबह 6.00 बजे तक के आंकड़ों पर आधारित हैं। मंत्री ने कहा कि पंजाब के पांच शहरों अमृतसर, लुधियाना, खन्ना, मंडी गोबिंदगढ़ और पटियाला के वायु गुणवत्ता सूचकांक में पिछले दो साल की दिवाली के दिनों 2022 और 2021 की तुलना में इस साल दिवाली (2023) के दौरान कमी देखी गई है। इस दिवाली पंजाब के वायु गुणवत्ता सूचकांक 207 था (जोकि मध्यम श्रेणी के लिए अधिकतम वायु गुणवत्ता सूचकांक 200 से थोड़ा अधिक है) जबकि 2022 में वायु गुणवत्ता सूचकांक 224 और 2021 में वायु गुणवत्ता सूचकांक 268 था। मीत हेयर ने कहा कि इस साल अमृतसर में अधिकतम वायु गुणवत्ता सूचकांक 235 दर्ज किया गया था। इसके अलावा पिछले साल अमृतसर में वायु गुणवत्ता सूचकांक अधिकतम 262 देखा गया था। हालांकि, 2021 में वायु गुणवत्ता सूचकांक का अधिकतम 327 (बहुत खराब) जालंधर में देखा गया। इस वर्ष न्यूनतम वायु गुणवत्ता सूचकांक 153 मंडी गोबिंदगढ़ में दर्ज किया गया, जहां पिछले वर्ष का वायु गुणवत्ता सूचकांक 188 था, जबकि 2021 में वायु गुणवत्ता सूचकांक 220 था। इस वर्ष वायु गुणवत्ता सूचकांक में सबसे अधिक कमी मंडी गोबिंदगढ़ (18.6 प्रतिशत) में देखी गई। पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड दिवाली के त्योहार के जश्न के लिए पटाखे फोड़ने और हरित पटाखों के उपयोग के लिए निर्धारित अवधि के संबंध में जारी की गई एडवाईजरी का पालन करने के लिए पंजाब राज्य के लोगों को धन्यवाद देता है, जिसके परिणामस्वरूप पिछले साल 2022 और 2021 की तुलना में वायु गुणवत्ता में समग्र रूप से सुधार हुआ है। पंजाब के लोगों से अनुरोध है कि वे पंजाब में इस वर्ष आने वाले त्योहारों के लिए हरित पटाखों के लिए तय समय और उपयोग के संबंध में सरकार की एडवाईजरी का पालन करें।

## कांग्रेस के बागियों को रिटायर होने के लिए दो दिन की चेतावनी

**जयपुर ( हिंस )।** प्रदेश में विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के विरुद्ध बागी होकर चुनाव लड़ने वाले कांग्रेसजनों को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राजस्थान प्रभारी सुखजिन्दर सिंह रंधावा ने एक और मौका देते हुए पत्र जारी कर चेतावनी दी है। पत्र में कहा गया है कि विधानसभा चुनाव में पार्टी द्वारा जिस अधिकृत प्रत्याशी को चुनाव लड़ने का मौका दिया गया है सभी बागी प्रत्याशी चुनाव से रिटायर होने की घोषणा कर कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी को समर्थन देते हुए पार्टी के पक्ष में प्रचार के लिए शामिल होकर प्रदेश में पुनः कांग्रेस की सरकार बनाने में अपना योगदान दें। रंधावा ने कांग्रेस पार्टी के उन पदाधिकारी व वरिष्ठ नेताओं को भी पत्र जारी कर चेतावनी दी है जो कांग्रेस पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी का प्रचार एवं समर्थन करने की बजाए किसी अन्य अथवा बागी प्रत्याशी के समर्थन एवं प्रचार में शामिल हो रहे हैं। रंधावा ने चेतावनी दी है कि आगामी दो दिन में यदि बागी प्रत्याशी कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी को चुनाव में समर्थन देते हुए चुनाव से रिटायर नहीं हुए तथा जो कांग्रेस पदाधिकारी एवं वरिष्ठ नेता अधिकृत प्रत्याशी के समर्थन में चुनाव प्रचार में शामिल नहीं होंगे।

# प्रधानमंत्री ने पीएम विश्वकर्मा योजना शुरू कर कामगार वर्ग का बढ़ाया मान : संदीप



**जींद ( हिंस )।** जींद। राज्य मंत्री सरदार संदीप सिंह ने कहा कि निर्माण एवं सृजन के जनक भगवान विश्वकर्मा की देन से आज करोड़ों लोग अपने हाथ का रोजगार करके परिवार का पेट पाल रहे हैं। उनके दिखाए मार्ग का अनुसरण करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी हमेशा पिछड़ा वर्ग कमेरा कामगार को आगे बढ़ाने के लिए कार्य कर रहे हैं। राज्य मंत्री सरदार संदीप सिंह भगवान विश्वकर्मा दिवस समारोह के उपलक्ष में श्री विश्वकर्मा धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उनके साथ राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा एवं पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य श्यामलाल जांगड़ा भी विशिष्ट अतिथि के तौर पर समारोह में उपस्थित रहे। राज्य मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि भगवान ने प्रत्येक व्यक्ति को एक दूसरे से अलग बनाया है लेकिन उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति को एक अलग तरह की कला दी है। जैसे मेरे अंदर खेल की कला थी। मैंने उसे पहचान कर देश का नाम विश्व के पटल पर रोशन किया। इस तरह प्रत्येक व्यक्ति को अपने अंदर छिपी कला को पहचानना होगा। तभी निरंतर आगे बढ़ा जा सकता है। पिछड़ा वर्ग को मान सम्मान देने के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शीर्ष पदों पर इस वर्ग के लोगों को बैठाया ताकि इस समाज के दबे हुए वर्ग को दूसरों के सामान लाकर खड़ा किया जा सके। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने ही खिलाड़ियों की राशि में वृद्धि की ताकि सभी खिलाड़ी आगे बढ़ सकें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के कामगार वर्ग के कल्याण के लिए पीएम विश्वकर्मा योजना चलाई।

## कामगार या शिल्पकार के बगैर विकास असंभव : दीपेंद्र

**रोहतक ( हिंस )।** कांग्रेस सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि श्रमिक, कामगार देश-प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं और सत्य तो ये है कि शिल्पकार या कामगार के बगैर विकास असंभव है। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार से जातिगत जनगणना करने की भी मांग की और कहा कि कांग्रेस सरकार बनने पर बीसीए वर्ग को कम से कम ब्याज दर पर कर्ज देने की व्यवस्था की जाएगी। सांसद सोमवार को पांचाल समाज द्वारा विश्वकर्मा दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भगवान् विश्वकर्मा दिवस देश के करोडो कमेरे वर्ग के लोगों के लिए खास उत्सव होता है। उन्होंने सरकार पर निशाना साधा और कहा कि जो हरियाणा कांग्रेस की हुड्डा सरकार के समय विकास में, गरीबों की कल्याणकारी योजनाओं में नंबर वन पर माना जाता था, वो अब विकास में पिछड़कर 17वें स्थान पर और बेरोजगारी में नंबर वन पर पहुंच गया। साथ ही दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि आज विकास के नाम पर जो कुछ भी दिखायी देता है उसके पीछे शिल्पकार या कामगार का पसीना लगा होता है। कामगारों, शिल्पकारों के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता, लेकिन बड़े दुख की बात है कि आज वो कामगार और शिल्पकार सरकार की अनदेखी और आसमान छूती महंगाई की मार झेल रहा है।

# बीकानेर में पूरी रात ट्रोमा सेंटर पहुंचते रहे चोटिल, 74 हुए जख्मी

**बीकानेर ( हिंस )।** दीपावली पर आतिशबाजी जहां खुशियां अभिव्यक्त करने का माध्यम बनी, वहीं कई घरों में यह आफत भी बन गई। बीकानेर के घड़सीसर निवासी दो भाई इतने चोटिल हो गए कि उन्हें इलाज के लिए जयपुर ले जाया गया है। इनमें से एक की आंखों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। इन दोनों को इलाज के लिए जयपुर ले जाया गया है। इनके साथ ही एक अन्य हादसे में एक युवक पटाखे से इतना चोटिल हुआ कि उसके हाथ के दोनों पंजे (हथेलियां) उड़ गए। उसे भी इलाज के लिए जयपुर ले जाया गया है। दीपावली की पूरी रात घायलों का पीबीएम ट्रोमा सेंटर पहुंचने का सिलसिला बना रहा। रातभर में 74 चोटिल पीबीएम हॉस्पिटल पहुंच गए। अधिकांश को प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई वहीं कुछ लोगों को भर्ती भी किया गया है। एक चोटिल ऐसा भी है जिसकी जेब में पटाखा बम फूट गया और जांघ का बड़ा हिस्सा गायब हो गया। जानकारी के अनुसार बीकानेर में घड़सीसर निवासी दो भाइयों के जख्मी होने के बारे में बताया जा रहा है कि वे पोटाश से पटाखे बनाने के लिए उसे बारीक पीस रहे थे। इसी दौरान विस्फोट हो गया। इनमें से एक की आंख खराब हो गई। दूसरा भी गंभीर घायल हुआ है। दोनों के नाम इमरान और अरबाज बताए जा रहे हैं। लोहे की पाइप में स्प्रिंग लगाकर पोटाश से बंदूक की तरह धमाका करने की कोशिश में बेणीसर गांव का ओमप्रकाश इस कदर घायल हुआ कि उसके हाथ के दोनों पंजे लगभग खत्म हो गए। बताया जाता है उसे भी इलाज के लिए जयपुर ले जाया गया है। उधर जब हम सजे-धजे घर में नए कपड़े पहनकर लक्ष्मीजी की अगवानी कर रही थी। पकवान बना-खा रहे थे। खुशियां बांट रहे थे, तब बीकानेर के बीसियों सेवाभावी लोग ऐसे भी थे जो अपना परिवार, खुशियां सब छोड़कर घायलों-बीमारों की सेवा में लगे थे। हम बात करते हैं पीबीएम हॉस्पिटल पहुंच रहे मरीजों-घायलों की। यूं तो हॉस्पिटल में डॉक्टर-नर्सेज इलाज और सेवा के लिए तत्पर रहते हैं। दीपावली की रात भी डा.एल.के.कपिल, नर्सिंग कर्मचारी रवि आचार्य, भगवनी टाक आदि मौजूद रहे लेकिन सेवादार भी लगातार तत्पर रहे। मसलन, असहाय सेवा संस्थान के राजकुमार खड़गावत पूरी रात मरीजों की तीमारदारी की वहीं मारवाड़ जन सेवा समिति के रमेश व्यास, मुनीराम, राजनारायण, विनोद पांडे आदि सेवा में जुटे रहे।

## जैसलमेर जा रहे महाराष्ट्र के परिवार की कार हाई-वे पर ट्रेलर से टकराई : पांच मरे

**बाड़मेर ( हिंस )।** जिले के धोरीमन्ना थाना इलाके में बाड़मेर-जैसलमेर नेशनल हाईवे-68 पर कार व ट्रेलर के बीच आमने-सामने हुई टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई। मरने वाले पांचों लोग एक ही परिवार के हैं। एक महिला गंभीर रूप से घायल है। हादसे के बाद हाईवे पर जाम लग गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आधे घंटे में जाम को खुलवाया। धोरीमन्ना थानाधिकारी सुखराम विश्नोई के मुताबिक महाराष्ट्र निवासी एक ही परिवार के तीन बच्चे, पति-पत्नी सहित छह लोग कार में सवार थे। इनके साथ परिवार की एक और कार आगे चल रही थी। ये लोग जैसलमेर की तरफ जा रहे थे। सोमवार शाम करीब 4.15 बजे नेशनल हाईवे-68 पर सूरते की बेरी के पास पीछे चल रही कार व ट्रेलर के बीच जबरदस्त भिड़ंत हो गई। यह परिवार महाराष्ट्र के जलगांव से दीपावली पूजन कर घूमने के लिए निकला था। इसी दौरान पीछे चल रही कार में ओवरटेक करता हुआ ट्रेलर आ घुसा। कार में सवार तीन बच्चों सहित पति-पत्नी की मौत हो गई। बच्चे और पति-पत्नी के शव कार में बुरी तरह फंस गए थे।

# यमुनानगर शराब मामले में मरने वालों की संख्या हुई 18, कुल 12 गिरफ्तार

**यमुनानगर ( हिंस )।** पांचवें दिन जहरीली शराब पीने से दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों में से मंडेबरी गांव के 32 वर्षीय रमेश उर्फ भिंडी को यमुनानगर पुलिस ने नौ नवंबर को गांव में अवैध रूप से शराब बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया था। रमेश शराब लोगों को बेचता था उसमें से उसने भी पी थी। गिरफ्तारी के बाद से ही उसकी तबीयत खराब थी। जिसे उपचार के लिए पीजीआई चंडीगढ़ में भर्ती कराया गया था। पुलिस ने सोमवार को शव की पोस्टमार्टम प्रक्रिया शुरू कर दी है। वहीं सारन



गांव में सुशील की भी जहरीली शराब पीने से मौत हो गई। इसी के साथ ही जिले में शराब पीकर मरने वालों संख्या 18 हो गई है।

अब तक कुल 12 आरोपियों को पकड़ा गया है। छप्पर पुलिस ने सुरेंद्रवासी सारण एवं राजकुमार वासी सारण को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी बलबीर सिंह के मुताबिक यह अवैध खुर्दा चलाते थे। इनकी जहरीली शराब पीने से गांव में मौतें हुई। फर्कपुर चौकी इंचार्ज मनोज ने बताया कि रमेश उर्फ भिंडी पीजीआई में उपचाराधीन था। उसने भी शराब पी थी। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई है। उसके शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। वहीं सोमवार को कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष उदयभान गांव मंडेबरी में जहरीली शराब पीने से मरने वालों के घर पर शोक प्रकट कर सांत्वना देने पहुंचे। उन्होंने सरकार से मृतकों के प्रत्येक परिवारों को 50 लाख रुपए के मुआवजे और बच्चों के लिए मुफ्त शिक्षा की मांग की। इस मौके पर उनके साथ रादौर से कांग्रेस के विधायक बिशन लाल सैनी और पूर्व मंत्री सुभाष चौधरी भी शामिल रहें।

## संपादकीय

# संसद में सवाल बिका हुआ

जब सोमनाथ चटर्जी लोकसभा अध्यक्ष थे, तब 11 सांसद आरोपित हुए थे कि वे नकद कबूल कर संसद में सवाल पूछते थे। प्रथमद्रष्ट्या सांसद भ्रष्टाचार में संलिप्त पाए गए, नतीजतन स्पीकर ने उनकी सांसदी खारिज कर दी थी। उनमें भाजपा के सांसद भी थे। केंद्र में कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार थी और डॉ. मनमोहन सिंह देश के प्रधानमंत्री थे। इस मामले पर संसद के भीतर और बाहर खूब हंगामा मचा था। दरअसल वह एक मीडिया ऑपरेशन था, जिसमें छिपे कैमरे से वह भ्रष्टाचार रिकॉर्ड किया गया था। मामला सर्वोच्च अदालत तक पहुंचा, लेकिन उसने स्पीकर के संवैधानिक अधिकार और निर्णय को चुनौती देने वाली याचिकाएं स्वीकार नहीं कीं और सांसदी बहाल नहीं हो सकी। उन सांसदों में से शायद ही कोई सांसद नया चुनाव जीत कर लोकसभा में वापसी कर पाया था! स्पीकर का वह निर्णय एक उदाहरण बन गया। ऐसा ही मामला एक बार फिर स्पीकर ओम बिरला तक पहुंचा है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के गंभीर आरोप हैं कि तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा सदन में अडाणी समूह पर प्रायोजित सवाल पूछती रही हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा और संसद की संवेदनशीलता को दांव पर रखने वाला तथ्य यह है कि सांसद के तौर पर महुआ की ई-मेल आईडी और पासवर्ड का इस्तेमाल दुबई में बैठे उद्योगपति दर्शन हीरानंदानी करते रहे हैं। वह ही अडाणी समूह पर सवाल बनाते रहे हैं और लोकसभा को महुआ के नाम से भेजते रहे हैं। यह गोपनीयता और संसदीय सुरक्षा का घोर उल्लंघन है, लिहाजा अपराध भी है। अब लोकसभा की आचरण समिति इन आरोपों की जांच कर रही है। सांसद निशिकांत दुबे और महुआ दोनों से ही सवाल-जवाब किए जाएंगे। इस सांठगांठ का महत्त्वपूर्ण आयाम यह है कि उद्योगपति हीरानंदानी ने सांसद महुआ को 2 करोड़ रुपए नकद भी दिए। उनकी घरेलू और विदेश यात्राओं के खर्च उठाए। सांसद के नई दिल्ली स्थित सरकारी आवास की मरम्मत और उसका नवीकरण भी कराया। सरकारी आवासों में ऐसा काम सरकारी एजेंसियां ही करती रही हैं। फिर सांसद ने उद्योगपति से पैसा क्यों लगवाया? हीरानंदानी ने महुआ को बेशकीमती तोहफे भी दिए। संभव है कि दोनों औद्योगिक घरानों में व्यापार की प्रतिद्वंद्विता हो, लिहाजा सांसद के जरिए अडाणी समूह को बेनकाब किया जा रहा हो! उद्योगपति ने यह भी खुलासा किया है कि सांसद महुआ बेहद महत्त्वाकांक्षी हैं। उन्होंने अडाणी समूह को निशाना बनाया, लेकिन वह प्रधानमंत्री मोदी की छवि दागदार करना चाहती थीं। अडाणी से जुड़े कई महत्त्वपूर्ण दस्तावेज सांसद ने विपक्ष के अन्य नेताओं से भी साझा किए थे, ताकि प्रधानमंत्री के खिलाफ एक संगठित अभियान चलाया जा सके। हालांकि पार्टी प्रमुख एवं बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इतना 'अडाणी-विरोध' के पक्ष में नहीं रही हैं, लिहाजा कई बार सांसद को डांट भी चुकी हैं। अब भी इस रहस्योद्घाटन पर ममता बनर्जी बिल्कुल खामोश हैं और विपक्ष का भी कोई महत्त्वपूर्ण बयान सामने नहीं आया है। तेज-तर्रार भाजपा सांसद ने यह शिकायत लोकपाल में भी दर्ज करा दी है। लोकसभा सचिवालय और राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) ने अपनी प्राथमिक जांच कर ली होगी कि आरोपित सांसद का 'लॉग इन' कहां से किया गया? वह देश के भीतर या विदेश में किस शहर, किस स्थान से इस्तेमाल किया गया? संचार की अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी इनका आसानी से खुलासा कर सकती है। हम तृणमूल कांग्रेस की सांसद पर चस्पां किए गए आरोपों और उद्योगपति के साथ उनकी सांठगांठ, भ्रष्ट मिलीभगत की पुष्टि नहीं कर सकते, लेकिन मामला संसद से जुड़ा है। वह सार्वजनिक होकर आचरण समिति तक पहुंच गया है। देश के प्रधानमंत्री के खिलाफ आपराधिक साजिश का भी मामला है और संसदीय गोपनीयता भंग करने का कथित अपराध सामने आया है, लिहाजा हम विश्लेषण कर रहे हैं। आरोपित सांसद ने सभी सांसदों के 'लॉग इन' की जांच कराने की मांग भी की है। यह कुतर्क के अलावा कुछ भी नहीं है। हमें आचरण समिति के निर्णय की प्रतीक्षा करनी होगी।

> सांदस निशिकांत दुबे और महुआ दोनों से ही सवाल–जवाब किए जाएंगे। इस सांठगांठ का महत्त्वपूर्ण आयाम यह है कि उद्योगपति हीरानंदानी ने सांदस महुआ को 2 करोघ रुपए नकद भी दए। उनकी घरेलू और दिवेश यात्राओं के खर्च उठाए। सांदस के नई दल्लिी स्थित सरकारी आवास की मरम्मत और उसका नवीकरण भी कराया। सरकारी आवासों में ऐसा काम सरकारी एजेंसियां ही करती रही हैं। फिर सांदस ने उद्योगपति से पैसा 2 यों लगवाया? हीरानंदानी ने महुआ को बेशकीमती तोहफे भी दए। संभव है कि दोनों औद्योगिक घरानों में व्यापार की प्रतिद्वंड़ द्वता हो, लिहाजा सांदस के जरिए अडाणी समूह को बेनकाब किया जा रहा हो! उद्योगपति ने यह भी खुलासा किया है कि सांदस महुआ बेदह महत्त्वाकांक्षी हैं। उन्होंने अडाणी समूह को निशाना बनाया, लेकिन वह प्रधानमंत्री मोदी की छवि दादगार करना चाहती थीं। अडाणी से जुघे कई महत्त्वपूर्ण दस्तावेज सांदस ने विपक्ष के अन्य नेताओं से भी साझा किए थे, ताकि प्रधानमंत्री के खिलाफ एक संगठित अभियान चलाया जा सके। हालांकि पार्टी प्रमुख एवं बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्भी इतना 'अडाणी–विरोध' के पक्ष में नहीं रही हैं, लिहाजा कई बार सांदस को डांट भी चुकी हैं। अब भी इस रहस्योद्घाटन पर ममता बनर्भी बिल्कुल खामोश हैं और विपक्ष का भी कोई महत्त्वपूर्ण बयान सामने नहीं आया है। तेज–तर्द्धर भाजपा सांदस ने यह शिकायत लोकपाल में भी दर्भ करा दी है।

## कुछ अलग

# खामोश पूर्व दिशा का सूरज

हिमाचल के बंद रोशनदान पूर्व दिशा में भी नहीं खुलते, आता हर दिन सूरज मगर मुलाकात नहीं करते। कुछ इसी तरह हमने सदियां गुजार दीं, आहट पर यकीं होता तो साथ चलते। हिमाचल ने सृष्टि को देखने की दृष्टि इतनी संकीर्णता से भर दी है कि यहां हिसाब के हर मोर्चे पर स्वार्थ की गवाही लगती है। स्कूल-कालेजों को परिणाम और कालेज-विश्वविद्यालयों को सिर्फ नाम भर का काम चाहिए। यहां ऐसा माहौल नहीं कि इतिहास को पलटा जाए या साहित्यिक विवाद को परखा जाए। वर्षों से कला, संस्कृति और भाषा विभाग अकादमी आसन जमाए चुन रहे हैं कि भीगे रहें चहेतों के शब्द और संवाद की जगह कवियों के कीर्तन होते रहें। गेयटी थियेटर की आरजू में कला की दृष्टि का सम्मोहन अपनों को प्रभावित करता है और इसी कशमकश में हिमाचल का विचार परिक्रमा कर रहा है। जो सिफारिशी खत में है, वह किताब के प्रकाशन तक पींगें बढ़ा रहा है और जहां कहने की जरूरत है वहां सियासी बेडियां हैं। हिमाचल के समारोहों में सरकार के तिलकधारियों की शिनाख्त इस सीमा तक कि हर सत्ता मंच पर बोलती है, लेकिन जन संवाद खामोश रहता है। ऐसे में जब कभी कसौली में लिट फेस्ट होता है, तो हिमाचल से चर्चाओं का माहौल बदल जाता है यानी अचानक यह प्रदेश ऐसा सुन पाता, जो स्वतंत्रता की मौलिकता में विचारों की स्वतंत्रता है। हैं तो हिमाचल में अब कई विश्वविद्यालय, लेकिन सामूहिक चर्चाओं में प्रदेश की बौद्धिकता के मजमूनों को स्थान नहीं मिलता। केंद्रीय विश्वविद्यालय के नींव पत्थरों पर ही एक विशेष विचारधारा पोत दी गई या गहन चिंतन में उबासियां ले रहे संस्थान की नींद ही कश्मीर के मसलों पर खुलती है। खींच कर तो मंडी विश्वविद्यालय को भी लंबा किया गया, लेकिन स्वतंत्र विचारों की भ्रूण हत्याओं पर परिसर की खामोशियों का भी चीरहरण हो गया। हिमाचल में विचारों के बजाय तयशुदा सहमतियों पर सत्ता के ईष्ट देवता पूजे जाते हैं। हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने का पूरा पखवाड़ा, समारोहों की खेप में उतर जाता है, लेकिन हिंदी राज्य के पास अपनी हिंदी का वृतांत नहीं मिलता। हिमाचल में कोई थिंक टैंक नहीं, बल्कि मीडिया के स्वरूप में सोशल मीडिया का अवतार कुछ ऐसी मक्खी की तरह हुआ कि विचार के बजाय गुड़ की तलाश बढ़ रही है। बेशक अखबारों के लेखकीय स्तंभों में हिमाचल का लेखक वर्ग दिखाई दे, लेकिन कलम पर सरकार की रोशनी चढ़ी है। हम कायदे से अर्थ शास्त्र पढ़े ही नहीं।

## आम आदमी को राहत मिले और अर्थव्यवस्था को महंगाई के खतरों से बचाया जा सके

# कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें और महंगाई

**डा. जयंतीलाल भंडारी**

> देश में जमाखोरी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई तेज की जानी होगी। अतिरिक्त नकदी की निकासी पर रिजर्व बैंक को ध्यान देना होगा। आवश्यक खाद्य पदार्थों के उपयुक्त रूप से आयात की रणनीति से मजबूत आपूर्ति से खाद्य पदार्थों की कीमतों में बढ़ोतरी को नियंत्रित किया जाना होगा। सरकार के द्वारा खुदरा महंगाई नियंत्रण के लिए रणनीतिक रूप से एक ऐसी मूल्य नियंत्रण समिति का गठन करना होगा जो बाजार में आने वाले उतार-चढ़ाव को देखते हुए कीमतों के अनियंत्रित होने से पूर्व ही मूल्य नियंत्रण के कारगर कदम उठाने के लिए तत्पर रहे।

19 अक्तूबर को केंद्र सरकार ने कहा कि इस समय त्योहारी मौसम के दौरान आवश्यक खाद्य वस्तुओं की कीमतें स्थिर रहने की उम्मीद है। सरकार ने हाल ही में मूल्य स्थिर रखने के लिए कुछ महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। इसके तहत सरकार ने अपने नियंत्रण वाले सभी उपायों का उपयोग किया है, चाहे वह व्यापारिक नीति हो या स्टॉक सीमा मापदंड तय करने का पैमाना हो। सरकार का यह वक्तव्य ऐसे समय में आया है जब इन दिनों हमास-इजरायल युद्ध, कच्चे तेल उत्पादक देशों के द्वारा तेल उत्पादन में कटौती, कच्चे तेल की कीमतें लगातार बढ़ते हुए ऊंचे स्तर पर पहुंचने तथा वैश्विक खाद्यान्न संकट से दुनिया के कोने-कोने में महंगाई बढने का परिदृश्य दिखाई दे रहा है। यद्यपि इसी माह अक्तूबर 2023 में प्रकाशित केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम मंत्रालय के द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक थोक एवं खुदरा महंगाई के सूचकांक महंगाई में कमी का संकेत दे रहे हैं, लेकिन चुनौतीपूर्ण वैश्विक भूराजनीतिक एवं आर्थिक चुनौतियों के दौर में तेज महंगाई बढने की आशंका बनी हुई है। चूंकि महंगाई शहरी मध्यम वर्ग को अधिक प्रभावित करती है, अतएव आगामी चुनावों में महंगाई के मुद्दे के मद्देनजर सरकार के द्वारा महंगाई नियंत्रण सरकार की बड़ी चिंता बन गई है। यह चिंता इसलिए भी दिखाई दे रही है क्योंकि पिछले दिनों विश्व बैंक के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया के साथ-साथ भारत में भी महंगाई बढने की चुनौती दी गई है। रिपोर्ट में वर्ष 2023-24 में भारत की खुदरा मुद्रास्फीति 5.9 फीसदी रहने का अनुमान प्रस्तुत किया गया है। पूर्व में प्रस्तुत महंगाई के अनुमान से नया अनुमान अधिक बताया गया है। हाल ही में 16 अक्तूबर को प्रकाशित थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) के आंकड़ों के अनुसार सितंबर 2023 में थोक मुद्रास्फीति दर लगातार छठे महीने शून्य से नीचे घटकर सितंबर में .0.26 प्रतिशत दर्ज की गई। अगस्त महीने में थोक महंगाई दर पांच महीने के उच्च स्तर .0.52 फीसदी पर पहुंच गई थी। पिछले माह सितंबर में रासायनिक उत्पादों, खनिज तेल, कपड़ा, बुनियादी धातुओं और खाद्य उत्पादों की कीमतों में गिरावट थोक महंगाई के कम होने का प्रमुख कारण है। ज्ञातव्य है कि थोक मूल्य सूचकांक थोक में बेचे और कारोबार किए गए सामानों की कीमतों में बदलाव का मूल्यांकन करता है। इसी तरह देश में खुदरा महंगाई में भी कमी आई है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के अनुसार जुलाई 2023 में जो



खुदरा महंगाई दर 15 महीने के उच्चतम स्तर 7.44 प्रतिशत पर पहुंच गई थी, वह अगस्त 2023 में घटकर 6.8 फीसदी और सितंबर में 5.02 फीसदी के स्तर पर आ गई है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में यह कमी इस बात सूचकांक से तय होने वाली इस दर में अनाज, सब्जी, परिधान, फुटवियर, आवास एवं सेवाओं की कीमतों में आई गिरावट की वजह से हुई है। गौरतलब है कि 6 अक्तूबर को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने लगातार चौथी बार नीतिगत ब्याज दर रेपो रेट को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखने का निर्णय लिया है। खुदरा महंगाई के तय दायरे से अधिक होने के कारण रिजर्व बैंक ने यह फैसला लिया है। वस्तुतः रेपो रेट वह दर है जिस पर बैंक अपनी तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिए आरबीआई से ऋण लेते हैं। जब महंगाई ज्यादा होती है तो आरबीआई रेपो रेट बढ़ाकर अर्थव्यवस्था में मुद्रा प्रवाह को कम करने की रणनीति अपनाता है। आरबीआई के रेपो रेट स्थिर रखने के फैसले से फिलहाल मकान, वाहन समेत विभिन्न कर्जों पर मासिक किस्त (ईएमआई) में कोई बदलाव नहीं होगा और महंगाई में नरमी आएगी। निःसंदेह इस समय देश में महंगाई को लेकर चुनौतियां मुंह बाए खड़ी हैं। पिछले माह सितंबर के दौरान ज्यादातर समय कच्चे तेल का दाम 90 डॉलर प्रति बैरल से अधिक रहा है। अब ये और बढ़ कर 94 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर है। चूंकि भारत अपनी ऊर्जा जरूरत का करीब 80 फीसदी आयात करता है, अतएव वैश्विक बाजार में कच्चे तेल के तेजी से बढ़ते हुए मूल्यों के कारण महंगाई बढने की आशंका है। जहां दुनिया के बाजारों में गेहूं, दाल और चावल की कीमतें तेजी से बढ़ रही हैं, वहीं चीनी की कीमतें तो 12 साल की रिकॉर्ड ऊंचाई पर हैं। इसी माह अक्तूबर 2023 में त्योहारी मांग बढने से गेहूं, अरहर की दालों व अन्य खाद्यान्नों के दाम बढने लगे हैं। यह भी उल्लेखनीय है कि 18 अक्तूबर को सरकार के द्वारा प्रकाशित खाद्यान्न उत्पादन आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2022-23 में गेहूं का उत्पादन अनुमानित लक्ष्य से 20 लाख टन घटकर 11.05 करोड़ टन रहेगा। दालों का उत्पादन पिछले वर्ष 2.7 करोड़ टन से घटकर 2.6 करोड़ टन और चावल का उत्पादन पिछले वर्ष के 12.94 करोड़ टन से घटकर 13.57 करोड़ टन होने का अनुमान है। ऐसे में गेहूं और दालों की कीमतें बढने की आशंकाएं सामने हैं। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि देश में बढ़ती कीमतों के कारण बढ़ती महंगाई को नियंत्रित करने के लिए केंद्र सरकार और आरबीआई कई प्रयासों के साथ आगे बढ़े हैं। यद्यपि महंगाई के नए आंकड़ों से महंगाई नियंत्रित दिखाई दे रही है। लेकिन दुनिया के चुनौतीपूर्ण भूराजनीतिक और युद्धपूर्ण परिदृश्य के मद्देनजर महंगाई बढने की आशंका बनी हुई है। खासतौर से गेहूं के दाम नियंत्रण के लिए खुले बाजार में मांग की पूर्ति के अनुरूप इसकी अधिक बिक्री जरूरी है। आटा मिलों को अधिक मात्रा में गेहूं देना होगा। साथ ही गेहूं के शुल्क मुक्त आयात की अनुमति दिए जाने की जरूरत है। यह भी ध्यान में रखा जाना होगा कि इस वर्ष सरकार 341 लाख टन के मुकाबले किसानों से 262 लाख टन गेहूं ही खरीद पाई है। यह भी ध्यान रख जाना होगा कि एक अक्तूबर तक सरकारी गोदामों में गेहूं का स्टॉक करीब 240 लाख टन था जो पिछले 5 साल के औसत करीब 376 लाख टन से कम है। देश में जमाखोरी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई तेज की जानी होगी। अतिरिक्त नकदी की निकासी पर रिजर्व बैंक को ध्यान देना होगा। आवश्यक खाद्य पदार्थों के उपयुक्त रूप से आयात की रणनीति से मजबूत आपूर्ति से खाद्य पदार्थों की कीमतों में बढ़ोतरी को नियंत्रित किया जाना होगा। सरकार के द्वारा खुदरा महंगाई नियंत्रण के लिए रणनीतिक रूप से एक ऐसी मूल्य नियंत्रण समिति का गठन करना होगा जो बाजार में आने वाले उतार-चढ़ाव को देखते हुए कीमतों के अनियंत्रित होने से पूर्व ही मूल्य नियंत्रण के कारगर कदम उठाने के लिए तत्पर रहे। इजराइल-हमास युद्ध के गहराने की बढ़ती आशंका के बीच महंगाई नियंत्रण के ऐसे कारगर रणनीतिक प्रयास किए जाने होंगे जिनसे देश के आम आदमी को राहत मिले और अर्थव्यवस्था को महंगाई के खतरों से बचाया जा सके।

# बीजिंग सम्मेलन से साफ हुए जिनपिंग के इरादे, पुतिन की उपस्थिति का भी है अर्थ

> पश्चिमी देशों और यूरोपीय संघ के प्रयासों पर चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने जहां चेतावनी दी है, वहीं इस विशाल परियोजना की सफलता सुनिश्चित करने के लिए आगे की नीति तय करने की शुरुआत भी की है। जिनपिंग ने विगत 17–18 अक्तूबर को बीजिंग में हुए दो दिवसीय सम्मेलन में अपना इरादा स्पष्ट कर दिया, जिसमें यूक्रेन युद्ध के बाद पहली बार रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, श्रीलंकाई राष्ट्रपति विक्रमसिंघे, पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवार उल हक काकड़ और 140 से ज्यादा देशों के प्रतिनिधि, 30 अंतरराष्ट्रीय संगठनों सहित कई देशों के नेता, मंत्रिस्तरीय अधिकारियों के साथ–साथ व्यवसाय व शिक्षा क्षेत्र एवं गैर–सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। भारत ने चीन की 60 अरब डॉलर वाली चीन–पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) का हवाला देते हुए, जो भारत की संप्रभुता का उल्लंघन करते हुए पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के रास्ते बनाया जा रहा है, बीआरआई का बहिष्कार किया।

दुनिया के 150 से ज्यादा देशों में 30 खरब अमेरिकी डॉलर के निवेश वाली बेल्ट एंड रोड परियोजना को महत्वहीन करने के, ताकि चीनी अर्थव्यवस्था पर दुनिया की निर्भरता कम हो, पश्चिमी देशों और यूरोपीय संघ के प्रयासों पर चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने जहां चेतावनी दी है, वहीं इस विशाल परियोजना की सफलता सुनिश्चित करने के लिए आगे की नीति तय करने की शुरुआत भी की है। जिनपिंग ने विगत 17-18 अक्तूबर को बीजिंग में हुए दो दिवसीय सम्मेलन में अपना इरादा स्पष्ट कर दिया, जिसमें यूक्रेन युद्ध के बाद पहली बार रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, श्रीलंकाई राष्ट्रपति विक्रमसिंघे, पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवार उल हक काकड़ और 140 से ज्यादा देशों के प्रतिनिधि, 30 अंतरराष्ट्रीय संगठनों सहित कई देशों के नेता, मंत्रिस्तरीय अधिकारियों के साथ-साथ व्यवसाय व शिक्षा क्षेत्र एवं गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। भारत ने चीन की 60 अरब डॉलर वाली चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) का हवाला देते हुए, जो भारत की संप्रभुता का उल्लंघन करते हुए पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के रास्ते बनाया जा रहा है, बीआरआई का बहिष्कार किया। चीन अपनी महत्वाकांक्षी परियोजना बीआरआई को आगे बढ़ाने का कोई मौका नहीं चूकता, इसलिए चार जुलाई, 2023 को आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के नेताओं के शिखर सम्मेलन के अंत में जारी नई दिल्ली घोषणा के अंतिम मसौदे में एक पैराग्राफ जोड़ा गया था, जिसे भारत ने खारिज कर दिया था। वर्ष 2022 में समरकंद घोषणा के दौरान भी भारत जिनपिंग की पसंदीदा परियोजना बीआरआई का विरोध करने से पीछे नहीं हटा था। भारत जी-20 के मसौदे से बीआरआई पहल को बाहर रखने के प्रति सतर्क रहा और चतुराईपूर्ण कूटनीति से सर्वसम्मति हासिल की। भारत पाकिस्तान द्वारा बीआरआई के अंध-समर्थन के खिलाफ है, जो कश्मीर के लिए सुरक्षा खतरा पैदा कर सकता है, क्योंकि बीआरआई पाक कब्जे वाले कश्मीर से होकर गुजरता है, जो तकनीकी रूप से भारतीय क्षेत्र है और कश्मीर घाटी से सटा हुआ है। विशेषज्ञों का कहना है कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने बीआरआई के 'छिपे हुए कर्ज' और निम्न मध्यम आय वाले देशों को 'ऋण जाल नीति' में फंसाने की चीनी नीति का डर दूर करने के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना प्रस्तुत की है। एड डाटा द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार, एक तिहाई से अधिक परियोजनाओं को ऐसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बढ़ती नकारात्मक प्रतिक्रिया ने मलयेशिया और तंजानिया जैसे कुछ देशों को बीआरआई सौदे रद्द करने के लिए प्रेरित किया है। लेकिन पर्यवेक्षकों ने संभावित आर्थिक दबाव की भी चिंता जताई है, जहां विदेशी सरकारें बीजिंग के एजेंडे का पालन करने के लिए दबाव महसूस करती हैं या चीन द्वारा निवेश वापस लेने का जोखिम झेल रही हैं। एड डाटा के एक अन्य अध्ययन में पाया गया कि चीनी सरकार के स्वामित्व वाली संस्थाओं द्वारा विदेशी सरकारों को दिए गए ऋण के अनुबंध में ऐसे प्रावधान हैं, जो 'संभावित रूप से ऋणदाताओं को उधारकर्ता देशों की घरेलू और विदेशी नीतियों को प्रभावित करने की अनुमति देते हैं।' अर्थशास्त्रियों का मानना है कि घरेलू अर्थव्यवस्था में गिरावट और कोविड-19 के निरंतर प्रभाव सहित कई कारणों से कई देश ऋण चुकाने में विफल हो रहे हैं, जिसके चलते चीनी रणनीतिकारों के दृष्टिकोण में बदलाव दिख रहा है। चीन का प्रभाव तब तक और कम हो सकता है, जब तक कि आने वाले समय में विभिन्न राष्ट्रों को मिलने वाला विदेशी ऋण व सहायता अपने चरम स्तर पर न पहुंच जाए। चीन ने बीआरआई के तहत लापरवाही से विभिन्न देशों को ऋण बांटा। अमेरिका स्थित रोडियम ग्रुप के अनुसार, 2020 से 2022 के बीच चीनी ऋणदाताओं से जुड़े 76.8 अरब डॉलर के ऋण अनिवार्य रूप से गैर-निष्पादित संपत्ति बन गए, जो 2017 से 2019 के बीच की अवधि की तुलना में 4.5 गुना अधिक है। चीन ने मुद्रा विनिमय सहित बेल्ट ऐंड रोड से जुड़े देशों को अपनी वित्तीय सहायता बढ़ा दी है, पर उसके नए निवेश में गिरावट आई है। हालांकि चीन की आर्थिक मंदी ने भी इसमें भूमिका निभाई है, क्योंकि इसका विदेशी मुद्रा भंडार, जो नए निवेश का समर्थन करता है, अपेक्षाकृत 30 खरब डॉलर के करीब स्थिर बना हुआ है। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि बीआरआई के जरिये चीन महाशक्ति देश के रूप में अमेरिका की जगह लेना चाहता है। रिपोर्टों के अनुसार, चीन ने दक्षिण एशियाई देशों को अपनी ऋण जाल नीति में फंसा लिया है, जिसने उनकी अर्थव्यवस्थाओं पर बोझ डाला है। भारत और भूटान को छोड़कर, कई राष्ट्र बीआरआई के माध्यम से चीन की ऋण नीति में फंस गए हैं और नेपाल को भी इसी दुविधा का सामना करना पड़ रहा है। अमेरिका आमतौर पर गरीब देशों को सौ प्रतिशत अनुदान के जरिये मदद करता है, लेकिन चीन की ऋण जाल नीति में फंसे देशों की अर्थव्यवस्थाएं नष्ट हो रही हैं और पाकिस्तान चीन का सबसे बड़ा शिकार है। जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) की कनेक्टिविटी योजना में अमेरिका, यूरोपीय संघ, इटली, जर्मनी, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात एवं फ्रांस को शामिल किया गया है, जिसका उद्देश्य पश्चिम एशिया, दक्षिण एशिया और यूरोप जैसे देशों के आर्थिक एकीकरण को बढ़ावा देना है। गलियारे के परिचालन का क्षेत्र बंदरगाह, रेल लाइनें, शिपिंग नेटवर्क और सड़कें होंगी। इसके भू-राजनीतिक निहितार्थ हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इस पहल को मूर्त रूप देने में समय लग सकता है, लेकिन दूरगामी अर्थों में यह बीआरआई का मुकाबला कर सकता है। विश्लेषकों का मानना है कि चीन की सुनियोजित बीआरआई को कई देश लंबी अवधि में अपनी अर्थव्यवस्थाओं के लिए खतरा मान रहे हैं, जो उनके लिए आंखें खोलने वाला हो सकता है।

## देश दुनीया से

# शांति के लिए भी युद्ध जरूरी, तो नुकसान किसका

विश्व में उथल पुथल कई मोर्चों पर चली रहती है जिस पर दुनिया का ध्यान आकर्षित होता रहता है। साथ में ही इसका प्रभाव शेष विश्व पर भी पड़ता है, लेकिन विश्व में शांति के लिए संघर्ष या युद्ध एक चिंतन का विषय है। एक तरफ अभी यूक्रेन-रशिया युद्ध की आग बुझी ही नहीं थी कि दूसरी ओर इजरायल और फिलिस्तीन के हमास आतंकवादी संगठन के बीच युद्ध छिड़ गया और ऐसा युद्ध जिसमें केवल बर्बरता, लाशें, आग, मलबा और रॉकेट दिख रहे हैं। लोग बेबस हैं, बच्चे अचंभित हैं, औरतों के साथ बर्बरता हो रही है। आखिर लड़ाई किस चीज के लिए और आतंकवादियों के पास इतना गोला बारूद आया कहां से, ऐसी कैसी ताकत जो 5000 रॉकेट 20 मिनट में दाग कर बर्बादी की कहानी लिख गए, पैराशूट के साथ सीमा पार कर स्पेशल कमांडो की तरह उतरकर दनादन गोलियां बरसाना, आखिर ऐसी ट्रेनिंग आतंकियों की कहां हो रही और आखिर इसके पीछे कौन है? ये चौंकाने वाली कुछ चीजें हैं जो बताती हैं कि ये केवल आतंकी नहीं, बल्कि इनके पीछे और ताकतें हैं। वैसे युद्ध किसी भी देश के लिए लाभदायक सिद्ध नहीं होता है क्योंकि उसमें जीत-हार तो बाद की बात है, पहले इसमें मानवता को हानि और क्षति होती है। इसलिए युद्ध न केवल मृत्यु और विनाश का कारण बनते हैं, बल्कि स्थायी शारीरिक और मानसिक चोट भी पहुंचाते हैं, जो अंत तक उन लोगों को अवश्य ही परेशान करती रहेगी जो उनसे प्रभावित होते हैं। पृथ्वी पर जीवन अनमोल और अद्वितीय है। तार्किक रूप से, हम अपनी सभ्यता की प्रगति के ऐसे चरण में हैं कि हमें युद्धों के निहितार्थों को जानना चाहिए और उन्हें होने ही नहीं देना चाहिए। युद्धों में कोई वास्तविक विजेता नहीं होता है क्योंकि इसमें शामिल सभी पक्षों को परिणाम भुगतना पड़ता है जिसमें अक्सर दोनों पक्षों के हताहतों की संख्या अधिक होती है। जब भी युद्ध होता है, दोनों देशों को मानवीय मूल्यों से हाथ धोना पड़ता है। उन देशों की तो क्षति होती ही है, इसका असर दूसरे देशों पर भी पड़ता है, चाहे वह आर्थिक तौर पर हो, राजनीतिक, सामाजिक या नैतिक तौर पर हो, युद्धों से होने वाली क्षति की कभी भी भरपाई नहीं हो पाती। रूस के द्वारा यूक्रेन के खिलाफ छेड़ा गया युद्ध अभी तक जारी है और फिलहाल इसका कोई परिणाम नहीं दिख रहा, चाहे अब इजरायल-हमास हो परंतु एक बात निश्चित है कि इसका प्रभाव पूरे विश्व में पड़ रहा है। युद्ध चाहे कोई भी हो, कौनसा भी हो, लेकिन वह कभी भी किसी भी देश की लोकतांत्रिक राजनीति और अर्थव्यवस्था के लिए ठीक नहीं होता। एक युद्ध जिन देशों के बीच में छिड़ता है, केवल उनकी ही नहीं बल्कि पूरे विश्व की शांति भंग करता है, इसका उदाहरण हमें यूक्रेन तथा रूस के युद्ध से मिला। अब इजरायल-हमास युद्ध के परिणामों के लिए हमें तैयार रहना होगा। इजरायल और हमास के बीच जंग छिड़ चुकी है तथा दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। यह जंग सिर्फ अब रॉकेट और मिसाइल के दम पर नहीं लड़ी जा रही है, बल्कि यह जंग साइबर वल्र्ड में भी पहुंच चुकी है। यह कोई पहला मौका नहीं है, जब कोई जंग असल दुनिया से लेकर साइबर वल्र्ड तक पहुंची हो। इससे पहले यूक्रेन और रूस के युद्ध में भी हमने साइबर अटैक के कई मामले देखे हैं। ऐसा ही कुछ हमास और इजरायल के बीच होता दिख रहा है। हाल में हमास ने इजरायल पर अचानक हमला किया। इस हमले में सैकड़ों लोगों की मौत हुई है। इनमें सैनिकों से लेकर आम आदमी तक सभी शामिल हैं। आठ अक्टूबर को इजरायल बेस्ड मीडिया आउटलेट जेरूसलम ने जानकारी दी कि उनके ऊपर कई साइबर अटैक हुए हैं। फोन ऐप को टार्गेट किया गया।

> आखिर लड़ाई किस चीज के लिए और आतंकवादियों के पास इतना गोला बारूद आया कहां से, ऐसी कैसी ताकत जो 5000 रॉकेट 20 मिनट में दाग कर बर्बादी की कहानी लिख गए, पैराशूट के साथ सीमा पार कर स्पेशल कमांडो की तरह उतरकर दनादन गोलियां बरसाना, आखिर ऐसी ट्रेनिंग आतंकियों की कहां हो रही और आखिर इसके पीछे कौन है? ये चौंकाने वाली कुछ चीजें हैं जो बताती हैं कि ये केवल आतंकी नहीं, बल्कि इनके पीछे और ताकतें हैं। वैसे युद्ध किसी भी देश के लिए लाभदायक सिद्ध नहीं होता है क्योंकि उसमें जीत–हार तो बाद की बात है, पहले इसमें मानवता को हानि और क्षति होती है। इसलिए युद्ध न केवल मृत्यु और विनाश का कारण बनते हैं, बल्कि स्थायी शारीरिक और मानसिक चोट भी पहुंचाते हैं, जो अंत तक उन लोगों को अवश्य ही परेशान करती रहेगी जो उनसे प्रभावित होते हैं। पृथ्वी पर जीवन अनमोल और अद्वितीय है।

## दृष्टिकोण

# जिहादियों के हाथ से लिए जाए हथियार तभी इस्लाम होगा उदार

मैं दुर्गापूजा के पंडाल में गई और एक जगह मैंने उद्घाटन किया, यह जानने के बाद कुछ मुस्लिम मुझे कह रहे हैं कि मैं नास्तिक नहीं हूं। उनके कहने का भाव यह था, जैसे नास्तिक होने पर उन्हें बहुत खुशी होती। जैसे, नास्तिकों से वे नफरत नहीं करते। जैसे कि नागरिकों की हत्या उन्होंने नहीं की है। जो लोग मुझे जानते हैं, वे यह भी बखूबी जानते हैं कि मैं हर धर्म की कट्टरता की आलोचक हूं। इसके बावजूद यह हिंदू धर्म की उदारता ही है कि मुझे दुर्गापूजा के आनंदमेले में जज की भूमिका में बुलाया जाता है, भोग प्रसाद पाने के लिए आमंत्रित किया जाता है, पूजा कमेटी की तरफ से सम्मानित किया जाता है। दूसरी तरफ, इस्लाम धर्म की कट्टर आलोचक होते हुए क्या मैं इसकी उम्मीद कर सकती हूं कि मुझे कभी मदरसा या मस्जिद का उद्घाटन कराने के लिए बुलाया जाएगा? ईदगाह मैदान में भाषण देने के लिए बुलाया जाएगा, ईद मनाने वाली कोई कमेटी मुझे सम्मानित करेगी? अव्वल तो इस्लाम धर्म के प्रतिनिधि कभी मुझे अपने यहां बुलाएंगे नहीं, लेकिन क्या उनका दिया गया सम्मान मैं कभी ग्रहण भी करूंगी? मैं धर्म में विश्वास नहीं करती, मनुष्यता में विश्वास करती हूं। धर्म के नाम पर अगर किसी मनुष्य पर अत्याचार होता है, तो मैं उस मनुष्य के साथ खड़ी होती हूं, धर्म चाहे कोई भी हो। मैं मनुष्य और मनुष्यता के उत्सव में विश्वास करती हूं। दूसरे को नुकसान न पहुंचाए बिना जो धर्म का पालन करता है, उसके उस धर्म पालन के अधिकार के लिए मैं लड़ती हूं। मैं दुनिया भर में कला, संस्कृति का म्यूजियम जिस तरह देखती हूं, धार्मिक उपासनालय भी देखती हूं। स्पेन के अंदलुसिया में मैं सिर्फ मुस्लिम स्थापत्य देखने के लिए गई थी। धर्म कोई स्थापत्य नहीं बनाता, कलाकार स्थापत्य बनाते हैं। कलाकारों की कला मुझे मुग्ध करती है। यूरोप के म्यूजियमों में मैं रफायल, लियानार्दो द विंची, माइकल एंजेलो आदि की कलाकृतियां देखने गई हूं। प्राचीन रोमन देवी-देवताओं की मूर्तियां देखने गई हूं। केरल के कोच्चि में मैं बेबीलोन के यहूदियों का प्राचीन सिनेगग देखने गई थी। ठीक इसी तरह ओडिशा के कोणार्क और मध्य प्रदेश के खजुराहो में मैं मंदिरों का शिल्प और कलाकारी देखने जा चुकी हूं। जाहिर है, अनेक मुस्लिमों को मेरा हिंदू मंदिरों में जाना पसंद नहीं। हालांकि अगर वे चाहें, तो मुझे इस्लाम से जुड़े आयोजनों से जोड़ने के लिए आमंत्रित कर सकते हैं। अगर वे चाहेंगे, तो मैं विश्व इज्तेमा का फीता काटकर उद्घाटन कर सकती हूं, देवबंद के आयोजन की अतिथि बन सकती हूं, दीया जलाकर वाज महफिलों की शुरुआत कर सकती हूं। हिंदुओं के उत्सवों में हिंदू समुदाय के लोग जिस तरह मेरी सुरक्षा करते हैं, इस्लाम धर्म से जुड़े आयोजनों में मुसलमान खुद आगे बढ़कर मेरी हिफाजत करेंगे, यही तो मैं चाहती हूं।

# सेमीफाइनल में दबाव तो होगा, लेकिन टीम में कोई बदलाव नहीं आएगा : द्रविड़




**नई दिल्ली ( हि.स. )।** भारत अब लगातार चौथी बार एकदिवसीय विश्व कप के सेमीफाइनल में प्रवेश कर चुका है, हालांकि पिछले दो संस्करणों में भारतीय टीम को हार का सामना करना पड़ा था। सेमीफाइनल मुकाबले को लेकर भारतीय क्रिकेट टीम को कोच राहुल द्रविड़ ने कहा कि दबाव तो होगा, लेकिन इससे टीम के दृष्टिकोण या तैयारी में कोई बदलाव नहीं आएगा। द्रविड़ ने स्टार स्पोर्ट्स से बातचीत में कहा कि हम मानते हैं कि यह एक महत्वपूर्ण मैच है, यह एक नॉकआउट मैच है, हमें इस तथ्य को स्वीकार करना होगा कि कुछ हद तक दबाव होगा लेकिन मुझे लगता है कि जिस तरह से हमने अब तक दबाव का जवाब दिया है वह हमें बहुत ढेर सारा आत्मविश्वास देगा और टीम के दृष्टिकोण या तैयारी में कोई बदलाव नहीं आएगा। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि हम जिस तरह से तैयारी करते हैं या सेमीफाइनल के लिए जिस तरह से योजना बना रहे हैं, उसमें हम कुछ भी बदलाव करेंगे। मैं वास्तव में आश्वस्त हूं कि समूह में जो उत्साह है, समूह में जो ऊर्जा है, समूह में जो आत्मविश्वास है, वह इस समय वास्तव में अच्छा है। हम बस इतना कर सकते हैं कि जो हमारे सामने है उसे खेलें, अगले मैच पर ध्यान केंद्रित करें, वर्तमान क्षण में रहें और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास करें। आपके पास क्रिकेट का कोई भी मैच जीतने की कोई गारंटी नहीं है, आप वास्तव में अच्छी तैयारी कर सकते हैं, अच्छी योजना बना सकते हैं और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकते हैं। मैं वास्तव में उम्मीद कर रहा हूं कि हम अगले कुछ दिनों में ऐसा ही करेंगे और उम्मीद है कि हम वास्तव में अच्छा क्रिकेट खेलेंगे। बता दें कि नीदरलैंड के खिलाफ आखिरी लीग मैच में जीत की नींव भारत के बल्लेबाजों ने रखी, जिन्होंने 4 विकेट पर 410 रन बनाए, शतकवीर केएल राहुल और श्रेयस अय्यर ने चौथे विकेट के लिए 128 गेंदों पर 208 रन की साझेदारी की। अय्यर ने नाबाद 128 और राहुल ने 102 रन बनाए। जवाब में नीदरलैंड की टीम 47.5 ओवरों में 210 रन पर सिमट गई। भारत के लिए जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव और रवींद्र जडेजा ने 2-2 व विराट कोहली और कप्तान रोहित शर्मा ने 1-1 विकेट लिया।

*भारत के गेंदबाजी प्रयोगों पर रोहित ने कहा-*

# हम देखना चाहते थे कि हम क्या हासिल कर सकते हैं



**बेंगलुरु ( हि.स. )।** नीदरलैंड के खिलाफ रविवार को खेले गए विश्व कप के आखिरी लीग मैच में विराट कोहली ने 2014 और कप्तान रोहित शर्मा ने 2012 के बाद अपना पहला एकदिवसीय विकेट लिया। यह मैच भारत ने 160 रन से जीता और विश्व कप में लगातार अपने नौवें मैच में जीत दर्ज की। भारत मैच में पांच फ्रंटलाइन गेंदबाजी विकल्पों के साथ उतरा, लेकिन कप्तान रोहित सेमीफाइनल के मद्देनजर प्रयोग करने के मूड में थे। इसके कारण सूर्यकुमार यादव और शुभमन गिल सहित पार्ट-टाइमर्स द्वारा लगभग आठ ओवर फेंके गए। रोहित ने मैच के बाद कहा कि जब आपके पास पांच गेंदबाज होते हैं तो यह हमेशा हमारे दिमाग में रहता है।आप टीम के भीतर विकल्प बनाना चाहते हैं और मुझे लगता है कि अब हमारे पास वह विकल्प है। मैच में हमारे पास नौ विकल्प थे। यह महत्वपूर्ण है। यह वह मैच था जहां हम कुछ चीजों को आजमा सकते थे। एक गेंदबाजी इकाई के रूप में हम कुछ अलग करने की कोशिश करना चाहते थे और देखना चाहते थे कि हम क्या हासिल कर सकते हैं। भारत टूर्नामेंट में हार्दिक पांड्या और शार्दुल ठाकुर के साथ पांचवें और छठे गेंदबाजी विकल्प के साथ आया था, लेकिन पांड्या टखने की चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए। भारत अंतिम एकादश में आर. अश्विन या ठाकुर को लाने के बजाय छह विशेषज्ञ बल्लेबाजों और पांच फ्रंटलाइन गेंदबाजों के साथ उतरा। पार्ट टाइमर खिलाड़ियों के विकेट लेने और मध्यक्रम के बल्ले से शानदार प्रदर्शन के साथ, भारत ने नॉकआउट से पहले अपनी बेंच स्ट्रेंथ का प्रदर्शन किया है। नीदरलैंड के खिलाफ जीत की नींव भारत के बल्लेबाजों ने रखी, जिन्होंने 4 विकेट पर 410 रन बनाए, शतकवीर केएल राहुल और श्रेयस अय्यर ने चौथे विकेट के लिए 128 गेंदों पर 208 रन की साझेदारी की। अय्यर ने नाबाद 128 और राहुल ने 102 रन बनाए। जवाब में नीदरलैंड की टीम 47.5 ओवरों में 210 रन पर सिमट गई। भारत के लिए जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव और रवींद्र जडेजा ने 2-2 व विराट कोहली और कप्तान रोहित शर्मा ने 1-1 विकेट लिया।

## नवंबर के अंत में फिर से शुरू होगी इजरायली बास्केटबॉल सुपर लीग

**जेरूसलम ( हि.स. )।** इजरायली बास्केटबॉल सुपर लीग, जिसे इजरायल-हमास संघर्ष के कारण 7 अक्तूबर को निलंबित कर दिया गया था, 25 नवंबर को फिर से शुरू होगी। इजरायली बास्केटबॉल सुपर लीग एडमिनिस्ट्रेशन (बीएसएल) द्वारा रविवार को इस निर्णय की घोषणा की गई, जिसमें कहा गया कि खेल टीमों के घरेलू मैदानों पर आयोजित किए जाएंगे,जब तक कि इजरायल के होम फ्रंट कमांड के अद्यतन निर्देशों के कारण यह असंभव न हो। सुरक्षा स्थिति के कारण, बीएसएल ने यह भी निर्णय लिया कि पूरे सीजन में विदेशी खिलाड़ियों के स्थानांतरण की संख्या पर कोई सीमा नहीं होगी। बता दें कि युद्ध के कारण कई विदेशी खिलाड़ियों ने अपनी इजरायली टीमों को छोड़ दिया है।

# मोर्ने मोर्कल ने पाकिस्तान के तेज गेंदबाजी कोच पद से दिया इस्तीफा



**नई दिल्ली ( हि.स. )।** मोर्ने मोर्कल ने अनुबंध समाप्त होने से एक महीने पहले ही पाकिस्तान के तेज गेंदबाजी कोच पद से इस्तीफा दे दिया है। सोमवार को एक संक्षिप्त बयान में, पीसीबी ने घोषणा की कि पाकिस्तान के औपचारिक रूप से एकदिवसीय विश्व कप से बाहर होने के बाद मोर्कल ने इस्तीफा दे दिया था, और उनके प्रतिस्थापन की घोषणा *उचित समय पर* की जाएगी। मोर्कल को इस साल जून में कोचिंग स्टाफ में फेरबदल के तहत नियुक्त किया गया था, जिसमें मिकी आर्थर की टीम निदेशक के रूप में वापसी हुई थी। टीम के साथ मोर्कल का पहला काम जुलाई में दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए श्रीलंका में था, जिसे पाकिस्तान ने 2-0 से जीता था। इसके बाद श्रीलंका में खेली गई तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला में पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के खिलाफ क्लीन स्वीप किया था। इसके बाद एशिया कप में पाकिस्तान का निराशाजनक प्रदर्शन रहा और टीम फाइनल के लिए क्वालीफाई करने में असफल रही। विश्व कप में, पाकिस्तान ने दो जीत के साथ शुरुआत की, लेकिन जल्द ही लय खो दी, अपने विश्व कप इतिहास में पहली बार पाकिस्तानी टीम को लगातार चार मैचों में हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद टीम ने बांग्लादेश और न्यूजीलैंड को शिकस्त दी और आखिरी लीग मैच में इंग्लैंड के हाथों हार का सामना करना पड़ा, जिससे आधिकारिक तौर पर उनके बाहर होने की पुष्टि हुई। वे लगातार दूसरे विश्व कप में पांचवें स्थान पर रहे। पाकिस्तान ने विश्व कप 2023 में नौ मैचों में चार में जीत दर्ज की और पांच में उसे हार का सामना करना पड़ा। मोर्कल की भूमिका के संबंध में सबसे अच्छा समय अफगानिस्तान के खिलाफ श्रृंखला और एशिया कप के शुरुआती भाग में आया, जहां वह दुनिया के तीन सर्वश्रेष्ठ और सबसे फॉर्म में चल रहे तेज गेंदबाजों शाहीन अफ्रीदी, नसीम और हारिस के के प्रभारी थे। ये सभी गेंदबाज अपने खेल के शीर्ष पर थे, उन्होंने मिलकर एक मजबूत तीन सदस्यीय आक्रमण बनाया, एशिया कप में भारत के खिलाफ पहले मैच में, जो बारिश के कारण रद्द हो गया, इन तीनों गेंदबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और भारतीय टीम के सभी 10 विकेट आपस में बांटे। यह माना जा रहा था कि मोर्कल, जो अब एक ऑस्ट्रेलियाई नागरिक है, पाकिस्तान के दिसंबर और जनवरी में तीन टेस्ट मैचों के लिए ऑस्ट्रेलियाई दौरे तक अपने पद बने रहेंगे, लेकिन इससे पहले ही उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया।

# जोकोविच ने रिकॉर्ड आठवीं बार साल के अंत में नंबर 1 रैंकिंग हासिल की



**ट्यूरिन ( हि.स. )।** सर्बिया के स्टार टेनिस खिलाड़ी और 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच ने एटीपी फाइनल्स में अपने शुरुआती मैच में होल्गर रून को हराकर रिकॉर्ड आठवीं बार नंबर 1 रैंकिंग हासिल की। जोकोविच 20 नवंबर से शुरू होने वाली एटीपी रैंकिंग में रिकॉर्ड 400वें सप्ताह शीर्ष पर रहेंगे। उन्होंने 2023 में शीर्ष स्थान पर 25 सप्ताह बिताए हैं। जोकोविच ने एटीपी रैंकिंग के इतिहास में साल के अंत में नंबर 1 स्थान हासिल करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी के रूप में अपने रिकॉर्ड को और मजबूत किया है। एटीपी टूर की रिपोर्ट के अनुसार, दो साल पहले वह 34 साल की उम्र में शीर्ष स्थान पर रहते हुए सीजन खत्म करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी थे और उन्होंने 36 साल की उम्र में इस उपलब्धि को दोहराकर अपने ही रिकॉर्ड को बेहतर किया है। जोकोविच ने खेल में अपनी उल्लेखनीय निरंतरता और प्रभुत्व का प्रदर्शन करते हुए पिछले 13 सीजन में से आठ में यह सम्मान हासिल किया है। जोकोविच ने इस वर्ष सीजन के चार प्रमुख खिताबों में से तीन ऑस्ट्रेलियन ओपन, रोलैंड गैरोस और यूएस ओपन जीता है। 24 बार के प्रमुख चैंपियन, जोकोविच ने अपने करियर में चौथी बार (2011, 2015 और 2021 में भी) एक साल में तीन ग्रैंड स्लैम जीते हैं। 36 वर्षीय खिलाड़ी ने सिनसिनाटी और पेरिस में जीत हासिल कर अपने संग्रह में दो और एटीपी मास्टर्स 1000 ट्रॉफियां शामिल कीं हैं।

# पूर्व कप्तान रानी के उदाहरण ने मुझे कठिन समय में प्रेरित किया : अन्नू

**बेंगलुरु ( हि.स. )।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की स्टार फॉरवर्ड अन्नू ने सोमवार को अपने हॉकी करियर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का श्रेय पूर्व भारतीय कप्तान रानी और अपने पिता श्री राजपाल को दिया। अन्नू को उम्मीद है कि वह न केवल अपने गुरुओं को गौरवान्वित करेंगी बल्कि अंतर्राष्ट्रीय मंच पर देश के गौरव में भी योगदान देंगी क्योंकि वह आगामी एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2023 में प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार हैं। अन्नू ने हॉकी इंडिया द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में कहा कि मेरे पिता शुरू से ही इस बात पर अड़े थे कि मैं पेशेवर रूप से खेलूं। मैं खो खो खेलती थी, लेकिन जब मैं 2011 में सिरसा में एक खेल अकादमी में शामिल हुई, तो मुझे जूडो और हॉकी के बीच एक खेल को चयन करने के लिए कहा गया कि मेरे पिता ने मुझे भारत की पूर्व कप्तान रानी के बारे में कहानियां सुनाईं, जो हरियाणा से ही हैं। मेरे पिता से उनके बारे में सुनने के बाद उन्होंने जो उदाहरण पेश किया, उससे मैं बहुत प्रभावित हुई और इसने मुझे तब से कठिन समय के दौरान प्रेरित किया है। अन्नू आजाद सिंह के अधीन प्रशिक्षण लेने के लिए 2013 में सिरसा में दो साल के कार्यकाल के बाद साई हिसार चली गईं। तब से उन्होंने कई राष्ट्रीय चैंपियनशिप के साथ-साथ खेलो इंडिया यूथ गेम्स के तीन संस्करणों में भाग लिया है। 9वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2019 में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन ने उन्हें जूनियर्स के कोर ग्रुप में स्थान दिलाया। उन्होंने कहा कि जब मैं बच्ची थी, तो स्कूल में मेरे द्वारा जीते गए पदकों को उपेक्षा की दृष्टि से देखा जाता था; पूरा समुदाय मेरी उपलब्धियों को बदनाम करने की कोशिश करता था। इसके बावजूद, मैं आभारी हूं कि मेरे पिता ने बाहरी शोर से उन्हें या मुझे परेशान नहीं होने दिया और इसके बजाय आगे बढ़ते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। उस समय मेरी मां भी काफी बीमार थीं और मेरे लिए उनसे दूर रहना मुश्किल था; उस दौर से गुजरना पूरे परिवार के लिए मुश्किल था। हालांकि मैं कई बार रोती थी और हार मान लेती थी, लेकिन मेरे पिता ने हिम्मत नहीं हारी, यह सब उन्हीं का धन्यवाद है कि मैं यहां तक पहुंची हूं। अन्नू जापान के काकामिघारा में महिला जूनियर एशिया कप विजेता टीम की सदस्य थीं। उन्होंने 5 मैचों में 9 गोल के साथ अग्रणी स्कोरर रहीं। अन्नू का ध्यान अब एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2023 पर है, जो 29 नवंबर से 10 दिसंबर तक होगा। भारत को जर्मनी, बेल्जियम और कनाडा के साथ पूल सी में रखा गया है।

# विश्व कप सेमीफाइनल : टकर अपने सौवें वनडे में करेंगे अंपायरिंग



**मुंबई ( हि.स. )।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने एकदिवसीय विश्व कप 2023 के सेमीफाइनल मुकाबले लिए मैच अधिकारियों की घोषणा कर दी है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 सेमीफाइनल के दौरान रॉड टकर अपने 100वें वनडे मैच में अंपायरिंग करेंगे। भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुंबई के बीच पहला सेमीफाइनल मैच वानखेड़े स्टेडियम में 15 नवंबर को खेला जाएगा। मैच में ऑस्ट्रेलिया के टकर और इंग्लैंड के रिचर्ड इलिंगवर्थ ऑन-फील्ड अंपायर होंगे। इलिंगवर्थ 2019 सेमीफाइनल मैच में भी ऑन-फील्ड अंपायर थे, जब न्यूजीलैंड ने ओल्ड ट्रैफर्ड में दो दिनों तक चले मौसम से प्रभावित मैच में 18 रन से जीत हासिल की थी, जबकि टकर तीसरे अंपायर थे। टकर ने जनवरी 2009 में अपने पहले वनडे में अंपायरिंग की थी और उनके इस ऐतिहासिक मैच में तीसरे अंपायर जोएल विल्सन, चौथे अंपायर एड्रियन होल्डस्टॉक और मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट शामिल होने वाले हैं। रिचर्ड केटलबोरो भी इस टूर्नामेंट के दौरान बतौर अंपायर एकदिवसीय मैचों के शतक तक पहुंच गए हैं और कोलकाता में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरा सेमीफाइनल मैच उनका 100वां एकदिवसीय मैच होगा।

# मैं बस में भी, कुलदीप की गेंदबाजी का अध्ययन करने की कोशिश कर रहा था : निदामानुरु



**नई दिल्ली ( हि.स. )।** नीदरलैंड के मध्यक्रम के बल्लेबाज तेजा निदामानुरु ने रविवार को बेंगलुरु में भारत के खिलाफ विश्व कप के आखिरी लीग मैच में 39 गेंदों में 54 रन की पारी खेली, इस दौरान उन्होंने छह छक्के लगाए। इस दौरान उन्होंने भारत के बेहतरीन स्पिनर कुलदीप यादव की गेंद पर एक्स्ट्रा कवर के ऊपर से इनसाइड-आउट शॉट लगाकर एक छक्का लगाया, जो देखने में और तकनिकी रूप से बेहतरीन शॉट था। यह उस तरह का शॉट है जिसे नीदरलैंड के बल्लेबाजों ने अपने विश्व कप अभियान से पहले बेंगलुरु में कई शिविरों में अभ्यास करने की कोशिश की थी। हो सकता है कि निदामानुरू के पास अभी तक शॉट का रीप्ले देखने का समय न हो, लेकिन यह निश्चित रूप से किसी भी हाइलाइट रील की तरह था,और विजयवाड़ा की एक छोटी यात्रा के दौरान वह इसे कई बार प्यार से देख सकते हैं, जहां उनका परिवार है रहता है। मैच के बाद ईएसपीएन क्रिक इंफो से बातचीत में निदामानुरु ने कहा कि हम मेहनती होने की कोशिश करते हैं और विश्लेषण के संदर्भ में अपने पैकेजों पर नजर रखते हैं। कुलदीप विश्व स्तरीय है और उसने कई विकेट लिए हैं। मैं मैदान में जाते समय बस में भी उनकी गेंदबाजी का अध्ययन करने की कोशिश कर रहा था। उन्होंने कहा कि इनसाइड-आउट शॉट लगाना थोड़ा कठिन था, क्योंकि कुलदीप को टर्न के विपरीत और लॉन्ग-ऑफ क्षेत्ररक्षक को छकाने के लिए पर्याप्त ऊंचाई के साथ हिट करना मुश्किल था। मैंने उनकी कलाई के वीडियो देखें, और अच्छे इरादे और सकारात्मकता के साथ, मैंने यह शॉट लगाया।

## नेपाल के खिलाफ महिला टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम घोषित

**बेंगलुरु ( हि.स. )।** क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन इंडिया (सीएबीआई) ने समर्थनम ट्रस्ट फॉर द डिसेबल्ड के सहयोग से सोमवार को नेपाल के खिलाफ पहली महिला द्विपक्षीय सीरीज के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। यह श्रृंखला 11 दिसंबर से शुरू होगी। नेपाल के खिलाफ खेली जाने वाली द्विपक्षीय सीरीज को फेडफिना का समर्थन प्राप्त है। भारत 11-15 दिसंबर तक मुंबई में 5 टी20 मैच खेलेगा। भारतीय महिला टीम ने हाल ही में आईबीएसए विश्व खेलों में ऑस्ट्रेलिया को 9 विकेट से हराकर स्वर्ण पदक जीता था। सिमरनजीत कौर (राजस्थान) बी2, सुनीता सराठे (मध्य प्रदेश) बी2, गीता महतो (झारखंड) बी3, और काव्या एनआर (कर्नाटक) बी3 पहली बार भारतीय महिला टीम में शामिल किया गया है। सीएबीआई के अध्यक्ष महंतेश जी किवदासनवर ने कहा कि सीएबीआई को भारत में फेडफिना द्वारा समर्थित पहली महिला अंतर्राष्ट्रीय द्विपक्षीय की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। महिला क्रिकेट सिर्फ 5 साल पुराना है लेकिन दृष्टिबाधित महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए इसने जो बदलाव लाया है वह जबरदस्त है। मेरा दृढ़ विश्वास है कि नेत्रहीनों के लिए क्रिकेट दृष्टिबाधित महिलाओं को सशक्त बनाने और उनमें बदलाव लाने का एक सकारात्मक साधन है। भारत, जिसने पहले अप्रैल में नेपाल का दौरा किया था और सीरीज में 1-3 से हार का सामना किया था, स्थिति बदलने के लिए प्रतिबद्ध है। वुमेन इन ब्लू को 11 दिसंबर से 15 दिसंबर, 2023 तक मुंबई में 5 टी20 मैच खेलने हैं। श्रृंखला से पहले, महिला टीम 20 नवंबर, 2023 से बेलापुर, महाराष्ट्र में शुरू होने वाले 22 दिवसीय गहन क्रिकेट कोचिंग शिविर से गुजरेगी। टीम के कप्तान और उप-कप्तान की आधिकारिक घोषणा 28 नवंबर को मुंबई में की जाएगी। नेपाल टीम के 10 दिसंबर को भारत पहुंचने की उम्मीद है।

# आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल हुए अरविंदा डी सिल्वा, डायना एडुल्जी और वीरेंद्र सहवाग




**मुंबई ( हि.स. )।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अरविंदा डी सिल्वा, डायना एडुल्जी और वीरेंद्र सहवाग को आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल किया है। मौजूदा हॉल ऑफ फेमर्स, मीडिया प्रतिनिधियों और एफआईसीए और आईसीसी के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच आयोजित एक मतदान प्रक्रिया के बाद, इन तीन दिग्गज खिलाड़ियों को हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया है। आईसीसी हॉल ऑफ फेम खेल के लंबे इतिहास में महानतम अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटरों का सम्मान करता है। डी सिल्वा 110वें, एडुल्जी 111वें और सहवाग 112वें खिलाड़ी हैं, जिन्हें आईसीसी हॉल फेम में शामिल किया गया है। डी सिल्वा ने श्रीलंका के लिए 19 साल अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेला है, विशेष रूप से 1996 आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप में उन्होंने अपनी टीम के खिताबी जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। डी सिल्वा ने श्रीलंका के लिए 93 टेस्ट मैच खेले हैं और 42.97 की औसत से 6,361 रन बनाए हैं। उनके नाम इस प्रारुप में 29 विकेट भी दर्ज हैं। इसके अलावा उन्होंने देश के लिए 308 वनडे खेले हैं और 34.90 की औसत से 9,284 रन बनाए हैं और 106 विकेट लिए हैं। वहीं, सहवाग ने 2011 में भारत के लिए विश्व कप जीतने के अभियान में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, उन्होंने भारत के लिए 14 साल के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 17,000 से अधिक रन बनाए हैं। सहवाग ने भारत के लिए 104 टेस्ट मैच खेले हैं और 49.34 की औसत से 8,586 रन बनाए हैं और 40 विकेट भी लिए हैं। इसके अलावा उन्होंने देश के लिए 251 वनडे मैच खेले हैं और 35.05 की औसत से 8,273 रन बनाए हैं और 96 विकेट लिए हैं। इसके अलावा उन्होंने 19 टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है और 21.88 की औसत से 394 रन बनाए हैं। 17 साल के अंतर्राष्ट्रीय खेल करियर और भारतीय महिला क्रिकेट इतिहास में सबसे सफल टीम की स्थापना में अपनी अग्रणी भूमिका की बदौलत एडुल्जी आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल होने वाली पहली भारतीय महिला बन गईं। डायना ने भारत के लिए 20 टेस्ट खेले हैं और 404 रन बनाए हैं, साथ ही उनके नाम 63 विकेट भी है। इसके अलावा उन्होंने देश के लिए 34 वनडे खेले हैं और 211 रन बनाए हैं, साथ ही 46 विकेट भी लिए हैं। 15 नवंबर को आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के पहले सेमीफाइनल के दौरान मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में एक विशेष ऑन-फील्ड समारोह में इन तीनों खिलाड़ियों को आधिकारिक तौर पर 2023 आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल किया जाएगा। आईसीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, ज्योफ एलार्डिस ने कहा कि हम आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल होने वाले दिग्गजों के नवीनतम समूह के रूप में अरविंदा, डायना और वीरेंद्र की घोषणा करते हुए रोमांचित हैं। यह संस्थान अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अब तक के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के माध्यम से खेल के व्यापक और जीवंत इतिहास का जश्न मनाता रहता है। इन तीन हस्तियों ने अपने तरीके से खेल में क्रांति ला दी है, और प्रशंसकों को हाल की स्मृति में कुछ सबसे अविस्मरणीय क्षण प्रदान किए हैं। वहीं, वीरेंद्र सहवाग ने कहा कि मुझे इस सम्मान के साथ शामिल करने के लिए मैं आईसीसी और जूरी को धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं अपने जीवन का एक बड़ा हिस्सा उस काम में बिताने के लिए बेहद आभारी महसूस करता हूं जो मुझे सबसे ज्यादा पसंद था और वह था क्रिकेट बॉल को हिट करना।

# अगर आप भी रखते हैं अपने बच्चे को कुछ ज्यादा ही बिजी तो...



सभी माता-पिता का सपना होता है कि उनका बच्चा सबसे बुद्धिमान हो, पढ़ने-लिखने में सबसे ज्यादा होशियार हो। इसी के चलते वह अपने बच्चों को स्कूल, ट्यूशन, हॉबी क्लासेस में पूरा दिन बच्चों व्यस्त कर देते हैं, ताकि उनका बच्चा भविष्य में सब चीजों के लिए तैयार हो। पेरेंट्स को ध्यान देना चाहिए कि कही उनका बच्चा इतना व्यस्त न हो जाएं, वह अपना बचपन ही कही खो दें। बुद्धिमान बनने की बजाए कुछ और ही बन जाए।

## माता-पिता क्यों करते है ऐसा ?

मां-बाप डरते है कि कहीं इस प्रतियोगिता भरी दुनिया में हमारा बच्चा पिछड़ न जाए। कई माता-पिता सोशल प्रैशर और दूसरों की देखादेखी भी ऐसा करते हैं। कुछ पेरेंट्स सोचते हैं कि जो हम नहीं कर पाए, वह हमारे बच्चे कर लें। वह बच्चों के माध्यम से अपनी अधूरी इच्छाओं को पूरा कर लेंगे।

## संकेत पर ध्यान

बच्चों द्वारा बहुत ज्यादा एक्टीविटीज उनको थका सकती हैं और उनको तनाव दे सकती हैं। यह उनके व्यक्तित्व और सेहत को काफी प्रभावित भी करता हैं। इसलिए माता-पिता को सोचना चाहिए और सचेत हो जाना चाहिए क्योंकि ऐसी स्थिति में बच्चा आपसे दूर अपनी एक नई दुनिया बना लेगा। अपने आपको व्यस्त और अकेला समझने लगेगा।

## बच्चों पर क्या असर होता है?

सुबह से शाम तक भागदौड़ और पढ़ाई में व्यस्त रहने से शारीरिक, मानसिक रूप से थक जाते हैं। वह बात-बात पर चिड़ने लगते हैं। कई बार तो बच्चे एंजायटी या डिप्रेशन से ग्रस्त हो जाते हैं। उनकी इम्यूनिटी कम होने लगती है, जिससे वह बार-बार बीमार पड़ने लगते हैं। बच्चों का फिटनेस लेवल भी बिगड़ने लगता हैं।



## माता-पिता को क्या करना चाहिए

- बच्चों का एक साथ कई एक्टिविटीज करना उनको गंभीरता में डाल देता हैं, जिससे बच्चा किसी भी चीज पर अच्छे से ध्यान नहीं दे पाता। इसलिए बच्चे पर ज्यादा काम या पढ़ाई या जोर न डालें।
- कई माता-पिता बच्चों की उम्र और दिलचस्पी का ख्याल किए बिना उन्हें कई एक्टिविटी करने पर जोर देने लगते हैं। ऐसे में पेरेंट्स को चाहिए कि उनपर अपनी मर्जी न थोपे।
- बच्चों की हर एक्टिविटी के लिए समा बनाकर रखें। न ही उन्हें दिनभर टीवी देखने दें और न ही पढ़ाई। बच्चे की दिलचस्पी को देखते हुए उसे उसकी मनपसंद क्लास में डालें।
- अगर आप अपने बच्चे को सच में ही बुद्धिमान और स्मार्ट बनाना चाहते है तो बेहतर होगा अपनी सोच में बदलाव लाए। अपनी खुशी और इच्छा बच्चे पर थोपने की बजाए उसकी खुशी और क्षमता पर ध्यान दें।

# फ्लू होने पर पेनकिलर लेना दिल पर पड़ सकता है भारी

**नई दिल्ली।** सर्दी-जुकाम या फ्लू जैसे श्वसन प्रणाली से संबंधित संक्रमण के इलाज के लिए दर्द निवारक दवाओं का सेवन भारी पड़ सकता है, क्योंकि इससे दिल का दौरा पड़ने का जोखिम बढ़ जाता है. एक नए अध्ययन में यह बात सामने आई है. निष्कर्ष में पाया गया है कि श्वसन प्रणाली से संबंधित संक्रमण के दौरान नॉन-इंफ्लामेटरी ड्रग्स (एनएसएआईडी) के इस्तेमाल से दिल के दौरे का जोखिम 3.4 गुना बढ़ जाता है.



## डायबिटीज होने पर रखें अपनी डाइट का ध्यान

वहीं, अस्पताल में ग्लूकोज के साथ नस में दी जाने वाली दर्द निवारक दवा से इसका खतरा 7.2 गुना बढ़ जाता है. ताइपे सिटी में नेशनल ताइवान यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल के चेंग-चुंग फांग ने कहा, चिकित्सकों को इस बात का पता होना चाहिए कि श्वसन प्रणाली से संबंधित संक्रमण के दौरान एनएसएआईडी के इस्तेमाल से हृदय रोग का जोखिम और बढ़ जाता है.।

वहीं दूसरी ओर, जब मरीज को संक्रमण होता है और उसने कोई दवा नहीं ली, तो एक स्वस्थ व्यक्ति की तुलना में उसे दिल के दौरे का खतरा 2.7 फीसदी अधिक होता है. साथ ही, शोधकर्ताओं का मानना है कि संक्रमण मुक्त होने के लिए मरीज ने जब दवाओं का इस्तेमाल किया, तो उसे दिल के दौरे का खतरा गिरकर 1.5 गुना रह गया. यह अध्ययन पत्रिका इन्फेक्शियस डिजिज में प्रकाशित हुआ है.

# बच्चो के अच्छे स्वास्थ्य के लिए जानिए सेहतमंद आहार

छोटे बच्चे माता पिता की जान होते है। उनकी खुशी और सेहत का ख्याल रखने के लिए पेरेंट्स खूब प्रयत्न करते है। इसके बावजूद भी कुछ बच्चे स्वस्थ नही रहते है और थोड़े से ही मौसम परिवर्तन के चलते बीमार पड़ जाते है। इसके पीछे का कारण बच्चो को दिया गया खान पान है।

बच्चो के स्वस्थ रहने के लिए बहुत जरुरी है की उन्हें पोषण युक्त खाना दिया जाये। बहुत से अभिभावक को इस बारे में जानकारी ना होने के वजह से वो अपने बच्चो को संतुलित आहार नहीं दे पाते और उनके बच्चे बीमार हो जाते है।

बच्चो को खाने में चॉकलेट देने के बजाय, उन्हें अनाज, दूध, अंडे तथा फल खाने को देना चाहिए। बच्चो की अच्छी सेहत के लिए उनका विशेष ख्याल रखने की जरुरत होती है।



## दही

छोटे बच्चे बहुत कुछ उटपटांग खाते रहते है, जिसके चलते उनका पेट बार बार खराब हो जाता है। ऐसे में पेट को सही रखने के लिए दही फायदेमंद होता है। यह अच्छे बैक्टीरिया का एक बड़ा स्त्रोत भी है। यदि आप अपने बच्चे को रोजाना एक कप दही खिलाते है तो यह आपके बच्चे की दैनिक डेयरी उत्पाद की जरुरत को पूरा कर देता है। और हम आपको बताना चाहते है की एक कप दूध में दही की तुलना में अधिक कैल्शियम होता है।

अपने बच्चे को एकदम मलाई वाला दही देने के बजाय लो फेट दही में शहद और फल दे तो यह ज्यादा फायदेमंद होगा।

आप चाहे तो रोटी के साथ भी अपने बच्चे को दही दे सकते है।

## फल

बहुत से पेरेंट्स अपने बच्चो को फलो का जूस देते है। लेकिन इसके बजाय यदि आप उन्हें फल देंगे तो ज्यादा बेहतर होगा। शाम को नाश्ते में फल देना तो उनके लिए बहुत ही फायदेमंद है। उन्हें खाना खाने के 2 घंटे पहले खाने के लिए फल दे, वेसे भी बच्चो को शाम को भूख लगती है।

यदि आप उन्हें सेब देंगे तो उनका पेट भी भरेगा और उन्हें खाने तक बुख भी लगेगी। स्वास्थ्य और पोषण काउंसलर के अनुसार उन्हें कई रंग के फलो को खाने के लिए देना चाहिए। फलो में एंटीऑक्सीडेंट होते है जो उन्हें बीमारियों से लढ़ने की क्षमता देते है। इसलिए उन्हें खाने के लिए अंगूर, सेब, केला, स्ट्रॉबेरी आदि दे।

# ऐसे बनाएं पिता अपने बच्चों से प्यार के रिश्तों को मजबूत



आजकल मार्केट में हर रोज़ कोई न कोई नई टेक्नोलॉजी लांच होती रहती हैं। ऐसी तकनीकों को जानने के लिए छोटे-छोटे बच्चों में बहुत ही जर्बदस्त क्रेज होता है। इसलिए आप इन सब की जानकारी जरूर रखें, ताकि जब आपका बच्चा आपसे कुछ पूछे तो आप उसे बता सकें। जैसे कि नए फोन, गैजेट आदि। ऐसा करने से आप एडवांस होने के साथ ठंडे दिमाग से काम लेने से बच्चो के अच्छे से हैंडल कर सकते हैं।

अगर फादर घर पर फ्री हो, तो उन्हें चाहिए कि अपने बच्चे के साथ लैपटॉप और टैबलेट पर बच्चों के साथ गेम खेल कर अच्छा समय बिताएं। आपको चाहिए कि अपने बच्चों के साथ बॉन्ड बढ़ाने के लिए आप डाईनिंग टेबल पर बैठकर किसी सोशल साइट, टेक्नोलॉजी या फिर उनकी पर्सनल लाइफ की बातें करें। अगर आप बच्चों के साथ अपनी बातें करेगें, तो आप दोनों के रिलेशन पर अच्छा असर पड़ेगा।

## 1. नई तकनीक के बारे में जाने

आजकल बाराज में बहुत सी नई टेक्नोलॉजी आती हैं, जिनमें आपको बहुत कुछ सीखने को मिलता है। इसलिए आपको चाहिए कि आप इन टेक्नोलॉजी के बारे में ज्यादा से ज्यादा ज्ञान रखें ताकि आप अपने बच्चे के साथ अच्छा बॉन्ड बन सकें।

## 2. बच्चों के साथ सोशल साइट पर जुड़े

ज्यादातर देखने को मिलता हैं कि भारत में बहुत से माता-पिता ऐसे होते हैं, जो कि अपने बच्चों के साथ किसी भी सोशल साइट पर नही जुड़े होते। दूसरे देशों में बच्चों के पेरेंट्स काम-काज करने के साथ-साथ अपने बच्चों के साथ बहुत सी सोशल साइट पर जुड़े होते हैं। ऐसा करने से वह अपने बच्चों के साथ समय भी बिता लेते हैं और बच्चों के काम पर निगाह भी रखते हैं। अगर आप कुछ नया करने के बारे में सोच रहे है तो बच्चों को साथ जरुर इन बात को शेयर करें।

## 3.बच्चों के दोस्तों से मिलें

आप काम में चाहे कितना भी बिजी क्यों ना हों। आपको अपने बच्चों के दोस्तों के बारे में जरूर पता होना चाहिए। जिससे आप अपने बच्चे के साथ-साथ उनके दोस्तों के बारे में भी जान सकें। उनकी सही गलत आदतों को जानें की वह कहीं गलत संगत में तो नहीं पड़ गये।

## 4.बच्चों के मन की बात को समझे

आपका बच्चा अपसे कुछ बोलना चहाता है तो आप उसकी बात को सुने और जानें की वह आपसे क्या बोलना चहाता है। अगर उसकी बात आपको सही लगती है तो आप उसकी बात को पूरा करें। साथ ही उसका वह भी समझायें की कौन सी बात उसके लिए सही है कौन सी गलत।

## 5.उनके सपनों को समझे

बच्चा बड़ा होकर जो भी बनना चहाता है आप उसे जानें। उसकी इस बात को अपनी जिम्मेदारी बना लें और उसके सपने को पूरा करने में आप उसके साथ है अपने बच्चे को इस बात का दिलासा दें। जिससे वह अपनी बातों को आपसे आकर शेयर कर सके।

# खजुराहों की कुछ खास बातें, जिनके कारण हैं दुनियाभर में फेमस

खजुराहो, मध्य प्रदेश के छत्तरपुर जिले का एक प्रमुख शहर है, जो काफी समय से प्राचीन एवं शानदार मंदिरो के लिए पूरे विश्व मे चर्चित हैं। खजुराहो मंदिर की बेहतरीन एवं आश्चर्यजनक मूर्तियां पर्यटको को अपनी तरफ ध्?यान खिंचती है। खजुराहो मंदिर को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया है।



खजुराहो में स्थित अनोखे आकार मे बनाए हुए सभी मंदिर भारत देश के लिए किसी तोहफे से कम नहीं। यहां के सभी मंदिरो को भारतीय कला एवं खूबसूरत पत्थरों से नवाजा गया है। खजुराहो के मंदिरो की कलाकारी देखकर कोई भी उसे बनाने वाले की तारीफ करना चाहेगा। खजुराहो के चंदेल राजाओं दव्रा बनाई गई हर एक मंदिरो में इतनी अच्छी कलाकारी कि गई है जिसे देख एसा लगता मानो मूर्तिया खुद ही बोल उठेंगी।

खजुराहो के मूर्तियों से जुडी ऐसी बहुत सी बातें भी हैं जिनको जानकर आपकी उत्सुकता और भी बढ़ जाएगी। आखिर इस खजुराहों में ऐसा क्या खास है। जानिए खजुराहो के मंदिरों के बारे में कुछ खास बातें जिन्हें आप शायद ही जानते होगे।

## खजुराहो नाम कैसे पड़ा ?

खजुराहो शहर का नाम खजुराहो इसलिए रखा गया क्योकि यह शहर प्राचीन समय में खजुर के पेड़ो से घिरा हुआ रहता था। उस समय में इस शहर को खजुरपुरा नाम से जाना जाता था। जो बाद में खजुराहों नाम से जाना जाने लगा।

## बालुई पत्थरो से बना है यह मंदिर

खजुराहो के अधिकतर मंदिरो को बादामी, गुलाबी और पीले रंगो के बालुई पत्थरो से आकार दिया गया है। जो देखने में बहुत ही सुंदर और अपनी ओर आकर्षित करते है।

## कामुक मूर्तिया

इन मंदिरों में कामुक मूर्तियों को लेकर लोगों के बीच धारणा है कि यहां पर सिर्फ कामुक मूर्तियां ही है, लेकिन ऐसा नहीं है यहां पर सिर्फ 10 प्रतिशत ही कामुक मूर्तियां है। इसके अलावा और मूर्तियां आम आदमी की लाइफस्टाइल से संबंधित है।

## पुरातनता में है सबसे सर्वश्रेष्ठ इमारत

खजुराहो की मंदिरों को भारतीय पुरात्तव सर्वेक्षण द्वारा प्राचीन काल की सबसे संरक्षित इमारत घोषित किया गया हैं।

## मंदिर के अंदर का हिस्सा

सभी मंदिरो के अंदर के कमरे पूर्व एंव पश्चिम की ओर एक दूसरे से मिले हुए हैं। जिसमे प्रवेश द्वार, एक हॉल, एक मंदिर और एक गलियारा हैं।

## देवी-देवताओं की छवियां

खजुराहो मंदिर में बनी देवी- देवताओ की अनेक मूर्तियां आकृषित आकार की बनी हुई हैं।

## मंदिरों का विभाजन

मंदिरों को चार भागों मे विभाजित किया गया है। जो कि पूर्वी, पश्चिमी, उत्तरी एवं दक्षिणी है।

## मंदिरों का इतिहास

खजुराहो के मंदिर मध्यकाल मे बनाए गए हैं लेकिन इन्हें फिर से 20वीं सदी में खोज निकाला गया। जिसे संरक्षित किया गया।

## वास्तु प्रतिभा का सबसे बड़ा प्रतीक

खजुराहो का मंदिरों को मध्यकालीन समय के भारतीय वास्तु प्रतिभा का बेहतरीन नमूना माना जाता है।

## मंदिर की संख्या समय के साथ घटती गई

पुराने युग में इस शहर में 85 मंदिर हुआ करते थे, पर अब इनकी संख्या दिनों-दिन घटती जी रही है। इस समय इनकी संख्या 22 ही रह गई हैं। इसका मुख्य कारण प्राकृतिक अपदाएं हैं।



# जीभ का रंग बताएगा आपकी सेहत का हाल, जानें ये संकेत

आपकी जीभ की रंगत से सेहत का अंदाजा लगाया जा सकता है। आपने देखा होगा कि कभी-कभी आप जब डॉक्टर के पास जाते हैं तो वह जीभ दिखाने को बोलते हैं। जीभ देखकर वह अंदाजा लगाते हैं कि क्या समस्या हो सकती है और आपकी सेहत कैसी है।

जीभ का रंग और उस पर जमी परत कई बार बीमारियों के संकेत देती हैं, आप भी इन संकेतों को जानकर खुद को अलर्ट रख सकते हैं।

## जानें ये खास संकेत

1- अगर आपकी जीभ का रंग हल्का गुलाबी है और उस पर दाग धब्बे नहीं हैं तो यह स्वस्थ जीभ की निशानी है। ऐसी जीभ नम होती है।

2- दवाओं का साइड इफेक्ट होता है तो जीभ बैंगनी या नीले रंग की हो जाती है। अगर जीभ का रंग ऐसा है तो यह बिटामिन बी 2 की कमी, शरीर में दर्द और सूजन का संकेत है। इसके अलावा यह नर्वस सिस्टम में गड़बड़ी का भी संकेत करता है।

3- चमकते लाल रंग वाली जीभ का मतलब बुखार, अंदरूनी चोट या संक्रमण हो सकता है। बिटामिन बी और आयरन की कमी का भी संकेत है।

4- जीभ पर पीले रंग की परत सर्दी, वायरल इंफेक्शन, आंतों की समस्या और अपच का संकेत देती है। बिटामिन बी 12 की कमी भी हो सकती है।

5- जीभ में छोटे-छोटे दरार जैसे निशान दिखाई दें तो समझ लें कि आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित हुई है। आप अपने डॉक्टर से परामर्श लें।

6- अगर आपकी जीभ पर सफेद रंग की मोटी परत है तो यह खराब पाचन और एसिडिटी का संकेत है। यह वायरल इंफेक्शन का भी इशारा हो सकता है।

7- अगर आपकी जीभ का रंग हल्का पीला है तो संभल जाएं क्योंकि यह खून की कमी, आंतों की सूजन, पीलिया, कमजोरी, थकान या नींद की कमी हो सकती है।

8- महिलाओं में जब मासिक धर्म की शुरुआत होती है तो जीभ का अगला हिस्सा लाल हो जाता है। इसके अलावा यह शरीर में कमजोरी और मानसिक परेशानी का लक्षण है।

# पुराने बर्तनों को नया बनाने का ये है आसान तरीका



बर्तन चमकाना बड़ा मुश्किल काम है. उस पर अगर बर्तन जल जाए तो और मुसीबत हो जाती है. अगर आपके बर्तन भी जल गए हैं और अपनी उम्र से कुछ ज्यादा ही पुराने लगने लगे हैं तो यहां उन्हें नया बनाने के तरकीब लेकर हम आए हैं.

यहां कुछ ऐसे टिप्स दिए जा रहे हैं, जिससे आपके बर्तन और आपका किचन चमकने लगेगा.

- कांच के बर्तन और कप की सफाई के लिए रीठे के पानी का इस्तेमाल करें.
- बर्तनों पर जमे मैल को साफ करने के लिए पानी में थोड़ा-सा सिरका व नींबू का रस डालकर उबाल लें.
- पीतल के बर्तन साफ करने के लिए नींबू को आधा काट लें व इस पर नमक छिड़ककर बर्तनों पर रगड़ने से वे चमकने लगते हैं.
- एल्यूमीनियम के बर्तनों को चमकाने के लिए बर्तन धोने वाले पाउडर में थोड़ा-सा नमक मिलाकर बर्तनों को साफ करें.
- जले हुए बर्तनों को साफ करने के लिए उसमें एक प्याज डालकर अच्छी तरह उबाल लें. फिर बर्तन साबुन से साफ करें.
- वुलेन से दाग निकलने का ये है सबसे आसान तरीका
- चिकनाई वाले बर्तनों को साफ करने के लिए सिरका कपड़े में लेकर रगड़ें, फिर साबुन से अच्छी तरह धोएं.
- प्रैशर कुकर में लगे दाग-धब्बों को साफ करने के लिए कुकर में पानी, 1 चम्मच वॉशिंग पाउडर व आधा नींबू डालकर उबाल लें. बाद में बर्तन साफ करने की वाले स्क्रबर से हल्का रगड़कर साफ कर लें.
- प्याज का रस और सिरका बराबर मात्रा में लेकर स्टील के बर्तनों पर रगड़ने से बर्तन चमकने लगते हैं.

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 (संपादकीय)** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **(सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन)**